हरिभूमि
रायपुर भूमि



घटना के बाद भी निरीक्षण करने नहीं पहुंचे पीडब्ल्यूडी के अफसर







### ब्रिज की छत पर लगे फाल्स सिलिंग भी खतरा बनकर लटक रहे

*जिस जगह पर स्लैब का टुकड़ा गिरा है, उसी के पास एक्सप्रेस-वे ब्रिज को नगर निगम ने सौंदर्यीकरण कराया है। ब्रिज की छत को आकर्षक एवं सुंदर बनाने के लिए निगम ने प्लास्टिक फॉल्स सिलिंग कराते हुए आकर्षक लाईटें लगाई हैं, ताकि रात के समय ब्रिज और सुंदर दिखे। प्लास्टिक फॉल्स सिलिंग भी अब रिंग रोड से आवागमन करने वाले लोगों पर तलवार की तरह लटक रहे हैं। ये फॉल्स सिलिंग कभी भी गिर सकते हैं। शंकरनगर रेलवे क्रासिंग के पास भी इसी प्रकार एक्सप्रेस-वे की छत को फॉल्स सिलिंग एवं लाइटों से सजाया गया है। यहां भी कुछ फॉल्स सिलिंग गिर चुके हैं, वहीं कुछ हवा में लटक रहे हैं, जो कभी भी राहगीरों पर गिर सकते हैं।*

# एक्सप्रेस-वे के स्लैब का बड़ा टुकड़ा टूटकर गिरा
## बाल-बाल बचे लोग, घटिया निर्माण की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में तेलीबांधा के पास रिंग रोड के ऊपर से गुजरे एक्सप्रेस-वे ओवरब्रिज के स्लैब का एक बड़ा टुकड़ा टूटकर सड़क पर गिर गया। इस घटना के दौरान सड़क से गुजर रहे वाहन सवार एवं पैदल यात्री बाल-बाल बच गए, क्योंकि जिस जगह पर स्लैब का टुकड़ा गिरा उस दौरान सड़क पर आवागमन जारी था। ▶▶|शेष पेज 13 पर



### पीडब्ल्यूडी अफसरों को नहीं है जानकारी

एक्सप्रेस-वे के स्लैब का बड़ा टुकड़ा सड़क पर गिरने की घटना की जानकारी अफसरों को नहीं है। एक अफसर ने यह तक कह दिया कि स्लैब का टुकड़ा नहीं, बल्कि नगर निगम द्वारा ब्रिज को आकर्षक रूप देने के लिए छत पर कराए गए फाल्स सिलिंग का टुकड़ा गिरा है। यही वजह है कि कोई भी अफसर ने अब तक मौके पर जाकर निरीक्षण नहीं किया है।

### ब्रिज के नीचे खेल जोन हो सकता था बड़ा हादसा

*एक्सप्रेस-वे के स्लैब का टुकड़ा जिस जगह पर गिरा है, उसी ब्रिज के नीचे खेल जोन बना हुआ है, जिसे नगर निगम ने बनाया है। इस खेल जोन में हर दिन बच्चों से लेकर युवा सहित अन्य लोग बैडमिंटन, बास्केटबॉल सहित अन्य तरह के खेल खेलने आते हैं। सूत्र से पता चला कि घटना के समय खेल जोन बंद था, इसलिए सड़क पर आवागमन भी कम था। घटना के समय अगर खेल जोन में लोगों का आवागमन होता, तो यहां बड़ा हादसा भी हो सकता था, जिससे जनहानि भी हो सकती थी।*

## खबर संक्षेप

### म्यूल अकाउंट मामले के फरार आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने म्यूल अकाउंट मामले में फरार स्थायी वारंटी एक युवती तथा एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने म्यूल अकाउंट बेचने के आरोप में तेलीबांधा निवासी सुनील यादव उर्फ सोनू उर्फ विक्की तथा पूजा सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग बैंक के 13 एटीएम कार्ड, 7 नग पासबुक जब्त किए हैं। दोनों के खिलाफ पवन यादव ने झांसे में लेकर म्यूल अकाउंट खुलवाने की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुनील पूर्व में जीआरपी चरोदा से लूट तथा मारपीट के मामले में जेल जा चुका है।

### आईएसआईएस कनेक्शन मामले में कोर्ट में चालान पेश

**रायपुर।** आईएसआईएस नेटवर्क के संपर्क में आकर आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में पकड़े गए दो किशोरों के खिलाफ एटीएस ने गुरुवार को कोर्ट में चालान पेश किया है। दोनों किशोरों के खिलाफ एटीएस ने किशोर न्यायालय में एक हजार पन्नों का चालान पेश किया है। एटीएस ने दोनों किशोरों की पिछले वर्ष नवंबर में सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग कर अपने कब्जे में लिया था। दोनों किशोरों के खिलाफ एटीएस ने कोर्ट में कई इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य पेश किए हैं।

### कफ सिरप बेचने के मामले में 15 साल कैद, जुर्माना भी

**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में पिछले वर्ष कफ सिरप के साथ गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट ने 15 वर्ष कैद के साथ डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने प्रशांत वाहने को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। खमतराई पुलिस 31 मार्च 2025 को प्रशांत वाहने के कब्जे से पौने चार लीटर के करीब 37 सीसी प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त की थी। प्रशांत कफ सिरप खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहा था।

*गैस सिलेंडर की आग पहुंची शैक्षणिक संस्थानों तक, अधिकतर स्थानों में एक-दो दिन का ही स्टॉक*

# रविवि ने एकत्र की लकड़ियां, आज से चूल्हे में बनेगा खाना
## नाश्ते में दूध-ब्रेड और फल, स्कूलों में नहीं मिलेगी रोटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गैस सिलेंडर की किल्लत की आंच अब शैक्षणिक संस्थानों तक भी पहुंच गई है। अधिकतर शैक्षणिक संस्थानों में एक-दो दिन का ही स्टॉक शेष है। अधिकतर शैक्षणिक संस्थानों में गैस चूल्हे के लिए विकल्प तलाशे जा रहे हैं। कुछ संस्थानों ने अपने मेन्यू में भी बदलाव किया है। प्रदेश के सबसे बड़े विवि पं.रविशंकर शुक्ल विवि में शुक्रवार से चूल्हे में भोजन बनाया जाएगा। इसके लिए हॉस्टल प्रांगण में लकड़ियां भी एकत्र कर ली गई हैं। रविवि परिसर में स्थित वृक्षों की सूखी और नीचे गिरी हुई लकड़ियों को ही इस कार्य के लिए एकत्र किया गया है। मिट्टी से चूल्हे भी बना लिए गए हैं। यहां गैस सिलेंडर ▶▶|शेष पेज 13 पर

- रविवि के छात्रावास में प्रतिदिन बनता है 415 विद्यार्थियों के लिए भोजन

### बदला गया मेन्यू

रविवि के कैटर्स संचालक के मुताबिक, उन्होंने छात्रों को पहले से ही इसकी सूचना दे दी है। छात्रों ने भी हालत को समझते हुए सहयोग करने की बात कही है। सिलेंडर की उपलब्धता नहीं होने के कारण दोनों समय नाश्ता नहीं बनाया जाएगा। इसके स्थान पर छात्रों को रेडिमेड नाश्ता जिसमें चूल्हा जलाने की जरूरत नहीं होती है, दिया जाएगा। छात्रों को सुबह-शाम नाश्ते में दूध, ब्रेड, केला व मौसमी फल जैसे पौष्टिक आहार दिए जाएंगे। रोटी के स्थान पर छात्रों को चावल दिया जाएगा, क्योंकि इसमें कम ईंधन की आवश्यकता होती है। ना केवल रविवि बल्कि एनआईटी, ट्रिपलआईटी, एचएनएलयू सहित कई बड़े शैक्षणिक संस्थानों में मेन्यू में बदलाव किया गया है। यहां छात्रों को रोटी की जगह चावल दिया जा रहा है। इसके अलावा ऐसी सब्जियां अथवा व्यंजन बनाए जा रहे हैं, जिसमें कम से कम ईंधन खपत हो।



**निजी स्कूल भी सरेंडर:** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि निजी स्कूलों के समक्ष भी संकट उत्पन्न हो गया है। अधिकतर बड़े निजी विद्यालयों में मेस संचालित हैं। यहां भी गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित हो रही है। इसलिए निजी स्कूलों में छात्रों को रोटी नहीं दी जा रही है। वहीं रेडी टू ईट फूड मेन्यू में शामिल किए गए हैं ताकि छात्रों को परेशानी ना हो। पालकों को भी इस संदर्भ में सूचित कर रहे हैं। इसके अलावा संघ शासन को भी खत लिखने की तैयारी कर रहा है ताकि छात्रों के आहार पर किसी भी तरह का प्रतिकूल प्रभाव ना पड़े।

### यहां राहत...

*रायपुर जिले के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन केंद्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत प्रयास संस्था भोजन उपलब्ध कराती है। यहां फिलहाल स्टॉक होने के कारण छात्रों को वितरित होने वाले मध्यान्ह भोजन में दिक्कत नहीं आ रही है। आंगनबाड़ी में भी यही स्थिति है। इंदिरा गांधी कृषि विवि में सेमेस्टर ब्रेक होने के कारण अधिकतर छात्र अपने घर गए हुए हैं। जो छात्र छात्रावास में ठहरे हुए हैं, उनके लिए स्टॉक है। इसलिए यहां भी अधिक दिक्कत नहीं है। हालांकि एहतियात बरतते हुए गैस सिलेंडर का प्रयोग सावधानीपूर्वक किया जा रहा है।*

### सेमेस्टर ब्रेक

विवि में फिलहाल सेमेस्टर ब्रेक है। हॉस्टल में ठहरे छात्रों की संख्या अत्यंत कम है। हमारे पास कुछ दिनों का स्टॉक है। इसके खत्म होने से पूर्व ही व्यवस्था कर लेंगे।

- **प्रो.गिरीश चंदेल**, कुलपति, कृषि विवि

### पारंपरिक साधानों का प्रयोग

यदि गैस सिलेंडर प्राप्त नहीं हो पाता है तो पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों का प्रयोग करते हुए भोजना बनाएंगे, लेकिन छात्रों को भोजन की दिक्कत नहीं होने देंगे। विकल्प तैयार है।

- प्रो.राजीव चौधरी, मीडिया प्रभारी, रविवि

### आंगनबाड़ी में किल्लत नहीं

आंगनबाड़ी केंद्रों में गैस सिलेंडर की कोई किल्लत नहीं है। सभी केंद्रों में गैस सिलेंडरों से ही मध्यान्ह भोजन समय पर तैयार किया जा रहा है।

- **शैल ठाकुर**, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग

# 13 मेमू पैसेंजर ट्रेनों को रेलवे ने किया बहाल, आज से डोंगरगढ़, गोंदिया, इतवारी के लिए मिलेंगी पर्याप्त ट्रेनें
## नागपुर मंडल में गर्डर डी-लॉन्चिंग कार्य पूर्ण होने के बाद निरस्त यात्री गाड़ियों की सेवाएं हुईं पुनः बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में गर्डर डी- लॉन्चिंग कार्य से रद्द की गई 13 मेमू ट्रेनों को रेलवे ने फिर बहाल कर दिया है। एक साथ दर्जन ट्रेनों के रद्द होने से रायपुर से डोंगरगढ़, गोंदिया और इतवारी जाने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामान करना पड़ रहा था। जानकारी के मुताबिक प्रस्तावित ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक के कारण 13 एवं 14 मार्च 2026 को कुछ यात्री ट्रेनों को अस्थायी रूप से निरस्त किया गया था। इस कार्य को निर्धारित समस से पहले ही 06 व 07 मार्च को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इसीलिए अब यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व में निरस्त की गई यात्री गाड़ियों की सेवाएं ▶▶|शेष पेज 13 पर



### मैहर स्टेशन में रुकेगी नौतनवा एक्सप्रेस

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मध्य प्रदेश के मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों का अस्थायी ठहराव की सुविधा दी गई है। 18201 दुर्ग - नौतनवा एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव 18 से 28 मार्च तक मैहर स्टेशन में दिया गया है । यह गाड़ी 5:35 बजे मैहर पहुंचकर 5:40 बजे रवाना होगी। 18202 नौतनवा - दुर्ग एक्सप्रेस का ठहराव 20 से 29 मार्च तक मैहर स्टेशन में दिया गया है।

### यह ट्रेन हुई बहाल

- 68721 रायपुर- डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर
- 68723 गाड़ी संख्या डोंगरगढ़ – गोंदिया मेमू पैसेंजर
- 68724 गोंदिया – रायपुर मेमू पैसेंजर
- 68741 दुर्ग – गोंदिया मेमू पैसेंजर
- 68742 गोंदिया – दुर्ग मेमू पैसेंजर
- 68743 गोंदिया – नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी मेमू पैसेंजर
- 68744 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी – गोंदिया मेमू पैसेंजर

### शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 व स्लीपर कोच की सुविधा

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 एवं स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा 14 से 20 मार्च 2026 तक शालीमार से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार दिनांक 16 से 22 मार्च 2026 को एलटीटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में उपलब्ध रहेगी।

## चिल्हर में ऐसी लूट, थोक से दाम डेढ़ से दो गुना ज्यादा
# भिंडी, कुंदरु, कटहल, मुनगा 80 रुपए किलो, नीबू दस रुपए का एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी आते ही सब्जियों के दाम में महंगाई का उबाल आ गया है। गर्मी में फसल प्रभावित होने के साथ ही छत्तीसगढ़ से कई सब्जियों के बाहर जाने के कारण भी दाम ज्यादा हो गए हैं। थोक में तो सब्जियों के दाम कम हैं, चिल्हर में इसके दाम डेढ़ से दो गुना होने के कारण ग्राहकों की जेब ज्यादा कट रही है। भिंडी, कुंदरू, कटहल जैसी सब्जियों के दाम 80 रुपए हो गए हैं। सबसे सज्जन सब्जी कद्दू चिल्हर में 30 रुपए किलो है। प्रदेश में टमाटर की फसल अंतिम दौर में होने के कारण इसके दाम भी बढ़ने लगे है। अब थोक में ही टमाटर 8 से 9 रुपए और चिल्हर में 15 से 20 रुपए किलो हो गया है। नीबू के दाम तो बहुत ज्यादा आसमान पर चले गए हैं। एक नीबू दस रुपए का मिल रहा है। थोक में यह चार रुपए है। ठंड के सीजन में सब्जियों के दाम बहुत कम थे, लेकिन ठंड की विदाई के साथ ही गर्मी का आगाज ▶▶|शेष पेज 13 पर

### नीबू ने दिखाए तेवर

गर्मी में हमेशा से ही नीबू के दाम ज्यादा हो जाते हैं। इस बार भी नीबू ने अभी से तेवर दिखाने प्रारंभ कर दिए हैं। इस समय थोक में यह पांच हजार रुपए बोरी बिक रहा है। एक बोरी में 35 किलो तक नीबू रहते हैं। थोक में इसके दाम प्रति नग चार से पांच रुपए हैं, लेकिन चिल्हर में यह 10 रुपए का एक और 20 रुपए में कहीं-कहीं तीन मिल रहे हैं।



### दाम बढ़े

गर्मी में फसलों के कम होने और प्रदेश की कुछ सब्जियों के दूसरे राज्यों में जाने के कारण कई सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं।

- **टी. श्रीनिवास रेड्डी**, अध्यक्ष, डूमरतराई थोक सब्जी मंडी

### चिल्हर में मची है लूट

सबसे महंगी सब्जियों में कटहल जैसी सब्जी जो हमेशा 20 से 30 रुपए किलो बिकती है, उसके दाम थोक में ही चिल्हर में 80 रुपए हो गए हैं। कुंदरू के दाम भी हमेशा 20 से 30 रुपए किलो रहते हैं, पर थोक में इसके दाम जहां 40 से 50 रुपए हैं, वहीं चिल्हर में इसके दाम 80 रुपए हैं। भिंडी के दाम थोक में 50 और चिल्हर में 80 रुपए हैं। भिंडी तो चिल्हर में 20 रुपए किलो बिकती है। परवल थोक में 80 रुपए और चिल्हर में 100 से 120 रुपए हैं। परवल के दाम कुछ समय पहले थोक में ही 230 रुपए किलो थे। मुनगा थोक में 50 और चिल्हर में 80 रुपए किलो बिक रहा है। प्रदेश में होने वाला खीरा थोक में 20 रुपए और चिल्हर में 40 रुपए किलो है।

पाँच दशकों से अधिक का विश्वसनीय बैंकिंग अनुभव
भारत का चौथा सबसे बड़ा सहकारी बैंक
टीजेएसबी सहकारी बैंक लिमिटेड. मल्टी-स्टेट शेड्यूल्ड बैंक
Bharose ka Bank Bhavishya ka Bank
छत्तीसगढ़ राज्य की प्रथम शाखा का भव्य शुभारंभ
कटोरा तालाब, रायपुर
13 मार्च, 2026
उद्घाटनकर्ता
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
विशिष्ट अतिथि
श्री विजय शर्मा
माननीय उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
विशेष अतिथि
पद्मश्री डॉ. बुधरी ताती | पद्मश्री श्रीमती सुनीता रामचंद्र गोडबोले
सादर
श्री शरद गांगल
अध्यक्ष
श्री वैभव सिंगवी
उपाध्यक्ष
श्री निखिल आरेकर
व्यवस्थापकीय संचालक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
शाखा : कटोरा तालाब, रायपुर
प्लॉट नं. सी - 159, लेन नं. 07, कटोरा तालाब, शैलेंद्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001.
* Necessary authorization under Section 23 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 has been obtained from the Reserve Bank of India for opening of the branch. However, Reserve Bank of India is not liable for any claims regarding financial soundness and accuracy of claims or explanations / opinions thereon, made by the bank.
www.tjsb.bank.in | Toll Free: 1800 266 3466 | 1800 103 466

# डॉक्टरों का संलग्नीकरण रद्द करने की घोषणा, भाजपा विधायकों ने स्वास्थ्य सेवाओं पर मंत्री को घेरा

**स्वास्थ्य केंद्रों की सुविधाओं का मुद्दा उठा, भुगतान में देर और डॉक्टरों का संलग्नीकरण का मुद्दा उठा ■ लता उसेंडी ने कोंडागांव और प्रबोध मिंज ने सरगुजा का मामला उठाया**

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि प्रदेश में सरकारी अस्पतालों में हुई अटैचमेंट नियुक्तियों को रद्द किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र के अस्पताल में हुई अटैचमेंट नियुक्ति रद्द की जाएगी। उनका कहना था कि कई कर्मचारी ग्रामीण अस्पतालों से अटैच होकर शहरों में काम कर रहे हैं, जिससे गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जिसको देखते हुए सरकार ने ये फैसला लिया है। सत्र के दौरान प्रश्नकाल के दौरान डॉक्टरों के संलग्नीकरण, रिक्त पदों पर भर्ती और कोंडागांव जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं का मुद्दा जोर-शोर से उठा। विधायक लता उसेंडी ने जिले में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए आवेदनों की जानकारी मांगी।

## आवेदनों की विभागीय स्तर पर होती है जांच

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सदन में जवाब देते हुए बताया कि समय-समय पर जनप्रतिनिधियों से स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त होते हैं। इन आवेदनों की विभागीय स्तर पर जांच की जाती है और निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए जाने पर कार्यों को भारत सरकार या राज्य सरकार के स्तर से स्वीकृति प्रदान की जाती है।



## विधायक ने पूछे स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों से जुड़े सवाल



चर्चा के दौरान लता उसेंडी ने यह भी पूछा कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों का संचालन और निर्देशन किस अधिकारी के माध्यम से किया जाता है। मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों का संचालन एचएनएम के माध्यम से किया जाता है, जबकि राज्य स्तर के कार्यक्रम कलेक्टर के निर्देशन में जिला और निचले स्तर के अधिकारियों द्वारा संचालित किए जाते हैं। विधायक ने आगे सवाल उठाया कि क्या इन कार्यक्रमों के आदेश केवल मौखिक रूप से दिए जाते हैं या लिखित रूप में भी जारी होते हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि बड़े कार्यक्रमों के निर्देश सामान्यतः लिखित रूप में जारी किए जाते हैं, हालांकि कुछ छोटे कार्यक्रम मौखिक निर्देशों के आधार पर भी आयोजित हो जाते हैं।

## कार्यक्रम के बाद भी नहीं हुआ भुगतान

इस पर लता उसेंडी ने आरोप लगाया कि कोंडागांव जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, लेकिन उनके भुगतान अब तक नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा, कई बार कार्यक्रम मौखिक सूचना के आधार पर भी कराए जाते हैं, लेकिन बाद में उनका भुगतान नहीं किया जाता। उन्होंने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि सदन में आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जो अधिकारी आपको गलत जानकारी देते है, उस पर क्या कार्यवाई की गई। आपने 9 महीने पहले उन पर कार्यवाई का आश्वासन दिया था। आज तक कार्यवाई नहीं हुई। इस मुद्दे पर विपक्ष ने भी सरकार को घेरते हुए विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और जवाब की मांग की।

**'यदि वर्क ऑर्डर हुआ है तो भुगतान निश्चित'**

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस मामले में जांच कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि यदि किसी कार्यक्रम के लिए वर्क ऑर्डर जारी हुआ है तो उसका भुगतान निश्चित रूप से किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जांच में मौखिक आदेश के आधार पर हुए कार्यक्रमों की जानकारी सामने आती है, तो उनके भुगतान पर भी विचार किया जाएगा।

## मातृशक्ति के सम्मान सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के विभागों के लिए 11 हजार 762 करोड़ 53 लाख रुपए की अनुदान मांगें पारित कर दी गई हैं। इनमें महिला एवं बाल



विकास विभाग के लिए 10,162 करोड़ 53 लाख रुपए तथा समाज कल्याण विभाग के लिए 1600 करोड़ रुपए से अधिक का बजट प्रावधान किया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री राजवाड़े ने सदन में चर्चा का जवाब देते हुए कहा, राज्य सरकार मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं का प्रभावी संचालन कर रही है। उन्होंने कहा, महतारी वंदन योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से एक है। इसके तहत प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। अब तक 25 किश्तों में 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की जा चुकी है।

### इन योजनाओं के लिए प्रावधान

उन्होंने कहा, महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए 120 करोड़ रुपये तथा मिशन वात्सल्य योजना के लिए 80 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के लिए 800 करोड़ रुपये तथा पूरक पोषण आहार के लिए 650 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए 'किशोरी बालिका योजना' के लिए 40 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही छात्राओं की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए 'शुचिता योजना' के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

### 'रानी दुर्गावती योजना' प्रारंभ

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी को पूरा करने 'रानी दुर्गावती योजना' प्रारंभ करने जा रही है। योजना के तहत बेटी के 18 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें 1.5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। बजट में इसके लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पोषण अभियान के संचालन के लिए 125 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के लिए 40 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है।

**समाज कल्याण विभाग के बजट में 59 प्रतिशत की वृद्धि** : राजवाड़े ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 1600 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, जो पिछले पांच वर्षों की तुलना में लगभग 59 प्रतिशत अधिक है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत प्रदेश में लगभग 21 लाख 76 हजार हितग्राहियों को पेंशन का लाभ डीबीटी के माध्यम से दिया जा रहा है।

**स्वास्थ्य मंत्री के विभाग की 6 हजार 976 करोड़ से ज्यादा की अनुदान मांग पारित**

# राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं संकल्प आधारित, हर जन रहे स्वस्थ यही सरकार का उद्देश्य : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं संकल्प पर आधारित हैं। हर जन स्वस्थ रहे, यही सरकार का उद्देश्य है। उनके विभाग लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास के लिये वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 6976 करोड़ 54 लाख रुपये से अधिक की अनुदान मांगें पारित हो गई है। शासकीय कर्मचारियों के कैशलेस इलाज के लिए 100 करोड़ के बजट का प्रावधान भी इसमें किया गया है।



पक्ष-विपक्ष के 32 विधायकों द्वारा अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान आयुष्मान योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के सीमित संसाधन तथा कमियों पर सुझाव और शिकायत दर्ज कराई गई। उन्होंने अपने क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न मांग भी रखी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जबाव प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। गंभीर बीमारियों के उपचार को सुलभ बनाने के लिए प्रदेश में 25 नए डायलिसिस केंद्र स्थापित किए जाएंगे। आम नागरिकों को सस्ती दवाईयां उपलब्ध कराने के लिए 50 जन औषधि केंद्रों का विस्तार किया जाएगा। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रायपुर में प्रदेश का पहला होम्योपैथी कॉलेज स्थापित किया जाएगा। बिलासपुर में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी और रायपुर में मध्य भारत का अत्याधुनिक कार्डियक इंस्टीट्यूट स्थापित करने की योजना है। कैशलेस सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में अधोसंरचना विकास के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य के सभी जिलों के लिए 300 नए एम्बुलेंस के लिए टेंडर प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त वेंटीलेटर युक्त 70 अत्याधुनिक तथा नवजात शिशुओं के लिए सर्वसुविधाजनक 10 अन्य एंबुलेंस क्रय करने की प्रक्रिया भी शीघ्र ही पूर्ण कर ली जाएगी।

### आयुर्वेद महाविद्यालय हॉस्टल, सेमिनार हॉल

मंत्री जायसवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आयुष विभाग के तहत 544 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। औषधियों के लिए 25.73 करोड़ रुपये तथा उपकरणों के लिए 4.16 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जनभागीदारी के माध्यम से 7 आयुर्वेद चिकित्सालय, 13 आयुष पॉलीक्लिनिक और 692 आयुष औषधालयों के उन्नयन के लिए भी बजट रखा गया है। रायपुर स्थित शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में छात्रावास और सेमिनार हॉल का निर्माण किया जाएगा।

### जांच में खत्म होगी अन्य राज्यों की निर्भरता

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि रायपुर में मध्य भारत के सबसे आधुनिक इंटीग्रेटेड खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला के लिए 95 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस प्रयोगशाला के शुरू होने से राज्य को दिल्ली जैसे महानगरों पर निर्भरता खत्म हो जाएगी एवं छत्तीसगढ़ के साथ अन्य सीमावर्ती राज्यों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाएं मिल सकेंगी। अभी कई तरह की दवाओं और खाद्य पदार्थों की जांच के लिए सैंपल दूसरे राज्य भेजने पड़ते हैं जिससे जांच में अनावश्यक देर होती है।

**मेडिकल कालेजों के लिए 1240 पद**

चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संचालनालय चिकित्सा शिक्षा हेतु 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट प्रावधान किया गया है। नवीन पांच शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए 1,240 पद तथा संबंधित चिकित्सालयों के लिए 500 पदों का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही आंबेडकर अस्पताल के ट्रामा सेंटर भवन निर्माण के लिए भी बजट का प्रावधान किया गया है। साथ ही उपकरणों की खरीदी के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है।

## भूपेश बोले- छत्तीसगढ़ में लगा अफीम उगाने का स्टार्टअप



**केदार कश्यप का पलटवार- मामला सामने आने पर तत्काल हो रही कार्रवाई**



बजट सत्र के दौरान भूपेश बघेल ने सरकार को जमकर घेरा। पूर्व सीएम ने कहा, दुर्ग के समोदा में जिस तरह से अफीम की खेती चल रही थी, वो आश्चर्यजनक है। ऐसे ही बलरामपुर में भी अफीम की खेती हो रही थी। दोनों जगह बीजेपी के लोग शामिल हैं, ऐसा पता चला है। पहले अफीम की खेती कैसे होती है कोई नहीं जानता था। ये पता नहीं था कि अफीम का डोडा कैसा होता है। अब लोग जानने लगे हैं। नगरी सिहावा में भी अफीम की खेती हो रही है, ऐसा मुझे पता चला है। आय दोगुनी करने का बीजेपी ने रास्ता निकाला है। बीजेपी को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है।

**बीजेपी का नया स्टार्टअप है** : पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, करोड़ों की कमाई अफीम की खेती से बीजेपी के नेता कर रहे हैं। पांच एकड़ में अफीम की खेती हो रही थी ये बता रहे हैं। एक एकड़ में डेढ़ करोड़ की कमाई हो रही थी। ये बीजेपी का नया स्टार्टअप है। पहले अफीम बाहर से आ रहा था, अब यहीं पर उगाया जा रहा है।

### बीजेपी सरकार में तत्काल कार्रवाई होती है

संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा, संलिप्तता का आरोप लगाना गलत है, जो भी उचित कार्रवाई होगी वो की जाएगी। बीजेपी की सरकार में तत्काल कार्यवाही होती है। मामले सामने आने के बाद दुर्ग में तत्काल कार्यवाही की गई। सरकार अवैध काम को खत्म कर रही है। पांच साल तक सत्ता में रही कांग्रेस ने कोयला, शराब घोटाला किया, अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया।

## उद्योग मंत्री ने कहा- राज्य को अब तक आठ लाख करोड़ रुपए से अधिक निवेश प्रस्ताव

छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को वाणिज्य एवं उद्योग विभाग तथा श्रम विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1 हजार 823 करोड़ 87 लाख 69 हजार रुपए की अनुदान मांगे पारित की गईं। इसमें वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के लिए 1 हजार 567 करोड़ 86 लाख 79 हजार रुपए, श्रम विभाग के लिए 256 करोड़ 90 हजार रुपए शामिल हैं। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा, इस बजट में सरकार द्वारा राज्य के औद्योगिक विकास हेतु वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को बजट में रुपए 1750 करोड़ आबंटित किया गया है। इसमें रुपए 652 करोड़ उद्योगों को अनुदान हेतु तथा औद्योगिक प्रयोजन हेतु भू-अर्जन, भूमि विकास तथा औद्योगिक अधोसंरचना विकास के लिए लगभग रुपए 700 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा, औद्योगिक भूमि

उद्योग, श्रम और आबकारी विभागों के लिए 1 हजार 823 करोड़ रुपए से अधिक की अनुदान मांगें पारित



आबंटन को अधिक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि का आबंटन अब ई-निविदा के माध्यम से किया जा रहा है। इससे न सिर्फ पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि राजस्व में भी 20 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है।

### राज्य को मिले 8 लाख करोड़ के निवेश

इन सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि राज्य द्वारा 140 से अधिक निवेशकों को इन्विटेशन टू इन्वेस्ट जारी किया गया है। राज्य को अब तक 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों में स्टील, पावर, सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल्स, आईटी, बीपीओ तथा क्लीन एनर्जी जैसे विविध और उभरते हुए क्षेत्रों के निवेश शामिल हैं, जो राज्य की औद्योगिक प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## तीन साल में 7 करोड़ की दवाइयां हुईं अमानक चार फर्मों पर हुई ब्लैकलिस्टिंग की कार्रवाई

सरकारी अस्पतालों के जरिए मरीजों को इलाज के लिए दी जाने वाली कुल सात करोड़ की दवा पिछले तीन साल में अमानक मिली है। सीजीएमएससी द्वारा खरीदी गई इन दवाओं में 158 दवाओं की जांच के लिए सैंपल प्रयोगशाला तक भेजे गए थे। दवा निगम द्वारा अमानक दवा के मामले में अब तक चार दवा कंपनियों को ब्लैकलिस्टेड किया गया है। राज्य में शासकीय अस्पतालों में आने वाले मरीजों की उनकी बीमारी के मुताबिक इलाज के लिए दवा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड की है। खरीदी गई दवाओं को सरकारी अस्पताल तक पहुंचाने से पहले गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने मान्यता प्राप्त लैब में भेजे जाते हैं। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक बीते साल यानी वर्ष 2025-26 में सर्वाधिक 95 सैंपल टेस्टिंग के लिए इन लैब में भेजे गए, जबकि 2023-24 में केवल 7 और वर्ष 2022-23 में 56 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए थे। जांच के बाद इनमें से कुल 56 दवाओं के अमानक पाए जाने पर संबंधित दवा कंपनियों के चार फर्मों को तीन-तीन साल के लिए काली सूची में डाला गया था। विधायक संदीप साहू के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा प्रस्तुत लिखित जवाब में बताया गया कि सीजीएमएससी द्वारा वर्ष 2022-23 में 3.31 करोड़ 2023-24 में 2.55 करोड़ तथा 2025.26 में 1.14 करोड़ की दवा अमानक मिली।



**डीजल-पेट्रोल और मरम्मत पर कुल 350 करोड़ खर्च**

## छत्तीसगढ़ पुलिस ने सालभर में किराए के वाहनों पर फूंके 130 करोड़ रुपए

छत्तीसगढ़ पुलिस ने महज सालभर में किराए के वाहनों पर 130 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। सरकारी एवं किराए के वाहनों पर डीजल-पेट्रोल के लिए 148 करोड़, मरम्मत पर 41 करोड़ तथा अन्य मदों पर 30 करोड़ रुपये का व्यय हुआ है। कुल मिलाकर यह खर्च लगभग 350 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। ये आंकड़े विधानसभा में गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा भाजपा विधायक राजेश मूणत के सवाल के लिखित जवाब में पेश किए गए हैं। छत्तीसगढ़ गृह (पुलिस) विभाग में किराए के वाहन और उनके रखरखाव को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। सिर्फ एक साल में पुलिस विभाग ने कुल 61,347 गाड़ियां किराए पर ली और इसके लिए 130 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए। बीजापुर और नारायणपुर में रायपुर की तुलना में अधिक गाड़ियां किराए पर ली गईं।





रायपुर पुलिस ने 15.51 करोड़ रुपए, जबकि बीजापुर पुलिस ने 26.30 करोड़ रुपए किराए पर गाड़ियों के लिए खर्च किए।

**सामने आई जिलेवार रिपोर्ट** : इसके अलावा सरकारी और प्राइवेट गाड़ियों के डीजल और मरम्मत पर भी करोड़ों रुपए खर्च हुए। डीजल और पेट्रोल पर 148 करोड़ रुपए, मरम्मत पर 41 करोड़ रुपए और अन्य मद में 30 करोड़ रुपए खर्च किए गए। कुल मिलाकर, एक साल से कम समय में गाड़ियों पर करीब 350 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

**विभाग के पास इतने वाहन**

गृह विभाग की ओर से दिए गए जवाब में यह बताया गया है कि पुलिस विभाग के पास कुल 2618 हल्के वाहन, 720 मध्यम वाहन, 364 भारी वाहन और 6279 मोटरसाइकिल उपलब्ध हैं, जिनमें से कई पुराने एवं कंडम घोषित हो चुके हैं।

---

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल
रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा
जिला रायपुर (छ.ग.)

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 11.03.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रानु बाई पिता/पति अवध राम निवासी छपोरा छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम छपोरा पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 227/1, 228/1, 543/1 रकबा 0.1020, 0.6470, 0.0810 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक क्यू. / वाचक/ ना.तह. / 2026 दिनांक 23.01.2026 के परिपालन में दिनांक 17.03.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के छपोरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-16 सारागांव

---

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल
रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा
जिला रायपुर (छ.ग.)

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 11.03.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश कुमार पिता/पति रामसजीवन निवासी छपोरा छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम छपोरा पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 228/2, 228/5 रकबा 0.2180, 0.2110 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक क्यू. / वाचक/ ना.तह. / 2026 दिनांक 23.01.2026 के परिपालन में दिनांक 17.03.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के छपोरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-16 सारागांव

---

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल
रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा
जिला रायपुर (छ.ग.)

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 11.03.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ब्रजेश कुमार प्रजापति पिता/पति रामाधार प्रजापति निवासी मांढर कालोनी छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम छपोरा पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 227/2, 228/3, 228/4 रकबा 0.202, 0.101, 0.219 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक क्यू. / वाचक/ ना.तह. / 2026 दिनांक 23.01.2026 के परिपालन में दिनांक 17.03.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के छपोरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-16 सारागांव

---

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल
रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा
जिला रायपुर (छ.ग.)

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 11.03.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जाहेदा बेगम वगै. पिता/पति काजी मो. अब्दुल मफूर खान निवासी छपोरा रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम छपोरा पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 225 रकबा 0.2550 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक क्यू. / वाचक/ ना.तह. / 2026 दिनांक 23.01.2026 के परिपालन में दिनांक 17.03.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के छपोरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-16 सारागांव

---

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल
रायपुर 16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

// आम सूचना //

जारी दिनांक 11/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती श्रद्धा चंद्राकर पिता/पति बलराम चंद्राकर निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम टेकारी पटवारी हल्का नंबर 23 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 209/1, 209/2, 209/3 रकबा 0.716, 0.716, 0.712 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक Q/वाचक/ ना.तह./2026 दिनांक 04/06/2025 के परिपालन में दिनांक 02/04/2026 को समय 11 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 23 के ग्राम बरौदा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

मुहर
राजस्व निरीक्षक
रायपुर-16 सारागांव

---

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 302 दिनांक 10.01.2019 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 12 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- **HIG DUPLEX- 152** को **श्री युवराज टेंभरे पिता स्व. श्री गेंदराम टेंभरे** के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 28.03.2024 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2091 दिनांक 22.04.2024 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में **श्री युवराज टेंभरे पिता स्व. श्री गेंदराम टेंभरे**, निवासी हाउस नं. 52, विकास विहार कॉलोनी, रायपुरा, वार्ड नं. 68, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री देवेश कुमार सोनी पिता श्री विजय कुमार सोनी,** निवासी एम.आई.जी.-सी-2, अमेरी रोड़, नेहरू नगर, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-12 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक - **HIG DUPLEX- 152** के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

---

"उद्घोषणा"

क्रमांक 2114/आर.सी./रा.वि.प्रा./2026
रायपुर, दिनांक 12/03/2026

प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर (160 जनता मकान) योजनांतर्गत श्रीमती कमला विश्वकर्मा पति स्व. खेलन लाल विश्वकर्मा द्वारा जनता मकान क्रमांक 101 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट फ्री- होल्ड पर धारित है। आबंटिती के द्वारा मकान का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 21.02.2017 को प्राप्त कर उक्त मकान का विक्रय क्रेता श्रीमती सीमा सिंह पति श्री संतोष सिंह निवासी- जनता मकान नंबर 101, जनता कॉलोनी, राजेन्द्र नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 08.03.2017 के द्वारा किया गया है। क्रेता द्वारा उक्त मकान हेतु प्राधिकरण में नाम दर्ज करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान का नामांतरण क्रेता के नाम पर किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार क्रेता का नाम दर्ज करने की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राहय नही होगा ।

दिनांक ........................ को जारी ।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)

---

**विधानसभा घेराव के लिये जिला और विधानसभा प्रभारियों की बैठक**

## 17 मार्च को विधानसभा घेराव में शामिल होंगे सचिन पायलट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने 17 मार्च को मनरेगा बचाओ संग्राम तथा प्रदेश के स्थानीय मुद्दो बिजली के दाम में बढ़ोतरी, किसानों से धोखा, धान खरीदी पर वादा खिलाफी, गैस सिलेंडर के दामो की बढ़ोतरी जैसे मुद्दो को लेकर कांग्रेस विधानसभा का घेराव को लेकर बैठक ली। कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट सहित राज्य के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित आम आदमी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।



विधानसभा घेराव के लिये जिलेवार तथा विधानसभा प्रभारियों की नियुक्तियां की जा चुकी हैं, जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से कांग्रेसी विधानसभा घेराव में शामिल होकर सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेंगे। बैठक में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, अमितेष शुक्ल, उमेश पटेल, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेन्द्र तिवारी, शैलेश नितिन त्रिवेदी, महामंत्री दीपक मिश्रा, सुबोध हरितवाल, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे, सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, नगर निगम सभापति आकाश तिवारी, पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला, शिवसिंह ठाकुर, सुनील कुकरेजा, संदीप तिवारी, अशोक राज आहुजा, पंकज मिश्रा, राजेश चौबे, दिलीप सिंह चौहान, अशोक चतुर्वेदी, पल्लवी सिंह, करूणा कुर्रे, आत्माराम क्षत्रिय, प्रभोजित सिंह लाडी, राहुल इंदुरिया, रविन्द्र शुक्ला, सद्दाम सोलंकी एवं कांग्रेसी उपस्थित थे।

## अफीम की अवैध खेती पर सीएम ने कहा- सभी कलेक्टर सर्वे कर 15 दिन में प्रमाणपत्र सहित रिपोर्ट दें

**आयुक्त भू-अभिलेख ने सभी कलेक्टरों को पत्र जारी किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में अवैध रूप से अफीम की खेती का मामला सामने आने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी जिलों के कलेक्टरों को अपने-अपने जिलों में संभावित क्षेत्रों का व्यापक सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं।



मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में अवैध रूप से अफीम की खेती न हो रही हो। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि 15 दिवस के भीतर प्रमाणपत्र सहित विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि राज्य में अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन और कारोबार के प्रति सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है और ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश के पालन में आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को सर्वे कर जांच रिपोर्ट और उनके जिले में अफीम की खेती नहीं किए जाने संबंधी प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने के संबंध में पत्र जारी किया गया है।

## तौकीर बने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मीडिया छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहसंयोजक, प्रदेश प्रवक्ता, मीडिया पैनलिस्ट की घोषणा की गई, जिसमें तौकीर रजा को भाजपा छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया। इसी दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता तौकीर रजा ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के प्रति आभार व्यक्त किया। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश संगठन, मित्रजनों सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सीएमओ पर मनमानी का आरोप, 16 को नगर बंद

**आरंग।** नगर पालिका परिषद मंदिरहसौद के अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा पिल्ले की कार्यप्रणाली के विरोध में 16 मार्च को नगर बंद और नगर पालिका कार्यालय में तालाबंदी करने की घोषणा की है। इस संबंध में उन्होंने 11 मार्च को जिला कलेक्टर रायपुर को लिखित सूचना भी प्रेषित की है। अध्यक्ष चतुर्वेदी ने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर पालिका परिषद मंदिरहसौद में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा मनमानी एवं तानाशाहीपूर्ण कार्यप्रणाली अपनाई जा रही है। साथ ही प्रशासनिक अनियमितताओं, राजस्व हानि, मूलभूत नागरिक सुविधाओं की उपेक्षा तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ अमर्यादित व्यवहार जैसे आरोप लगाए गए हैं। शिकायत की प्रतिलिपि संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर तथा संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर संभाग को भी भेजी गई पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी के विरोध में 16 मार्च को सुबह 10 बजे नगर पालिका कार्यालय में एक दिवसीय तालाबंदी और नगर बंद किया जाएगा। इसके बाद उसी दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने की भी घोषणा की गई है।

### गर्मी बढ़ी, स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग

**आरंग।** राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान 40 डिग्री के लगभग पहुंच चुका है। गर्मी का दुष्प्रभाव सबसे अधिक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों पर पड़ रहा है। निकट भविष्य में तापमान और बढ़ने का अनुमान है। उमस भरी गर्मी के चलते बच्चों में डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक की आशंका बनी हुई है। गर्मी की दस्तक देते ही जल स्तर घटने से पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ता है। सनातन धर्म परिषद के प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान, हेमंत चंद्राकर, नेमेश्वर साहू, हीरामणि साहू, हेमनाथ साहू, डी.पी. बघेल, अरुण साहू, रोमेश चंद्राकर आदि ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त सभी समस्याओं व बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग से शाला संचालन का समय सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक करने संबंधी आदेश जारी करने का आग्रह किया है।

**समस्या :** 13-14 सौ में धड़ल्ले से सिलेंडरों की बिक्री हो रही

# गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी से लोग परेशान, इंडक्शन की बिक्री में भारी उछाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा।

घरेलू एलपीजी सिलेंडर की किल्लत को देखते हुए और लगातार बढ़ती कीमतों के बीच अब लोगों ने रसोई के लिए वैकल्पिक इंतजाम तलाशने शुरू कर दिए हैं। हालांकि अभी शहर में घरेलू सिलेंडर कंपनी वाले समय पर सिलेंडर देते आ रहे हैं इसीलिए कोई समस्या नहीं है। लेकिन जिनके पास कनेक्शन नहीं है और जो लोग सिलेंडर बाजार से खरीदते हैं उन लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शहर में कई ऐसे दुकानदार हैं जो अवैध रूप से सिलेंडर बेचते हैं । ऐसे लोग 13 से 1400 रुपए में सिलेंडर बेच रहे हैं। ऐसी स्थिति में घरेलू उपयोग के लिए अब बड़े पैमाने पर लोग इंडक्शन चूल्हों की ओर रुख कर रहे हैं. एलपीजी की सीमित उपलब्धता के कारण इंडक्शन चूल्हों की मांग अचानक कई गुना बढ़ गई है. पहले जहां महीने में मुश्किल से चार–पांच इंडक्शन बिकते थे वहीं अब रोजाना कई पीस बिक रहे हैं।



### कमर्शियल इंडक्शन मांग रहे हैं

उन्होंने बताया की 1600 वॉट से लेकर 3000 वॉट तक के हाई-पावर इंडक्शन की सबसे ज्यादा मांग है, क्योंकि ये जल्दी गर्म होते हैं और कम समय में खाना तैयार कर देते हैं.कई ग्राहक कमर्शियल इंडक्शन मांग रहे हैं, लेकिन बाजार में उपलब्धता बेहद कम है, जिसके कारण कई खरीदारों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है. व्यापारियों का कहना है कि अचानक बढ़ी मांग के लिए कंपनियां तैयार नहीं थीं. इंडक्शन चूल्हों के कई आवश्यक कंपोनेंट विदेशों से मंगाए जाते हैं, जिनमें करीब 20% हिस्से चीन से आते हैं।
सप्लाई सीमित होने से उत्पादन बढ़ाना कंपनियों के लिए चुनौती बना हुआ है। हलाकि अभी कीमतों में बड़ा बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन बाजार में चर्चा है कि अगर कंपोनेंट की कमी बढ़ी तो दरें 5 से 10 फीसदी तक बढ़ सकती हैं. बाजारों के अलावा ऑनलाइन मार्केट में भी इंडक्शन की बिक्री जोरों से हो रही है। इंस्टेंट डिलीवरी एप पर कई कंपनियों के स्टॉक खत्म हो गए हैं. ऑर्डर करने पहले इंडक्शन सोल्ड आउट बता रहे हैं।

### इंडक्शन चूल्हों की मांग बढ़ी

बर्तन व्यापारी रजत केसरवानी ने बताया है कि पिछले कुछ दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग सामान्य दिनों की तुलना में 10 गुना तक बढ़ गई है। स्थिति यह है कि कई दुकानों पर इंडक्शन चूल्हों का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो गया है और नए ऑर्डर देने पड़ रहे हैं।. दुकानदारों के अनुसार पहले जहां दिनभर में एक-दो इंडक्शन चूल्हे बिकते थे, वहीं अब दर्जनों की संख्या में ग्राहक इन्हें खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं।

### अफवाहों से बचें

फूड विभाग के अधिकारियों को कहना है कि यदि कोई ब्लैक में सिलेंडर बेचते हुए पकड़ा गया तो उनके ऊपर कड़ी और बड़ी कार्रवाई की जाएगी।
अधिकारियों को कहना है कि लोगों को अफवाहों से बचना चाहिए।अभी घरेलू गैस की कोई समस्या नहीं है

# ट्रेलर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा।



तिल्दा ससहोली रेस्ट हाउस के सामने सिमगा तिल्दा रोड में गुरुवार सुबह हुए हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई । युवक जोता से रोज की तरह काम करने अपनी बाइक से ससाहोली आ रहा था। तभी तिल्दा की तरफ से सिमगा की और जा रही एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसकी बाइक टक्कर मार उसे कुचल दिया। इस हादसे में युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर तिल्दा पुलिस वहां पहुंची और शव को का पंचनामा कर तत्काल पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार समीप के गाव जोता में रहने वाला 22 वर्षीय युवक सचिन बांधे सासाहोली में संचालित एक मोबाईल दुकान में काम करता था । सुबह करीबन साढ़े 9 बजे अपनी बाइक से काम करने आ रहा था । तभी मोबाइल दुकान से 50 मीटर पहले तिल्दा सिमगा मार्ग पर रेस्ट हाउस के सामने हाईवा के चपेट में आ गया ।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । घटना के बाद चालक ट्रेलर छोड़ फरार हो गया। पुलिस के ट्रक को जब्त कर चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है .पुलिस मार्ग कायम कर घटना की जाँच कर रही है ..

### आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए विशेष शिविर लगा

**अभनपुर।** खोरपा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उनका आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया गया। शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लेकर मौके पर ही उनका आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाकर वितरित किया गया। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर साधु राम साहू, शत्रुघ्न साहू, सातों बाई साहू, राजेंद्र प्रसाद साहू सहित अन्य हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोरपा से आरएमए डी.एस. नेताम, संतोष सेन, कविता कुशवाहा, घानेश्वरी साहू, इंदु देवांगन, ठाकुर राम सोनवानी, हेमलता नागरची सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पालिका की सामान्य सभा में आरंग को नशामुक्त बनाने का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगर पालिका परिषद आरंग की सामान्य परिषद की बैठक में आरंग को नशामुक्त बनाने का महत्वपूर्ण

- सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी रोकने, वार्ड स्तर पर बनाई जाएगी निगरानी समिति



निर्णय लिया गया। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने होली पर्व में नगर में हुए हत्या जैसे अप्रिय घटना के मद्देनजर आरंग को नशे की बुराई से मुक्त करने के दृढ संकल्प के साथ आरंग नगर को अवैध शराब मुक्त बनाये जाने हेतु प्रस्ताव रखा, जिसे उपस्थित पक्ष विपक्ष के सभी पार्षदों ने एक मत से सहमति प्रदान करते हुए कहा कि परिषद् द्वारा इस दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाए ताकि ऐसे अपराधों में अंकुश लगे। डॉ संदीप जैन ने प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के चौक-चौराहों, पार्कों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि शहर में नशे पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। डॉ. जैन ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इसलिए इस बुराई को समाप्त करने के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों की सहभागिता जरूरी है। आप सभी पार्षदों के सहयोग से एक कार्य योजना बना कर आने वाले समय में नगर पालिका के प्रत्येक वार्ड में महिलाओं का चयन कर उन्हें वार्ड स्तर पर निगरानी समिति बनाई जाएगी जो अपने-अपने वार्डों में नशे से संबंधित गतिविधियों पर नजर रखेंगी और आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन को इसकी जानकारी देंगी। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। स्कूलों और सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जाएगा, ताकि वे इस बुराई से दूर रह सकें।सामान्य परिषद की बैठक में इस विषय पर विस्तृत चर्चा के बाद पक्ष और विपक्ष दोनों की सहभागिता से नशामुक्त आरंग बनाने का यह निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और नागरिकों के सहयोग से आरंग को नशामुक्त बनाने का यह अभियान निश्चित रूप से सफल होगा।

# विश्व ग्लाकोमा सप्ताह में 12 मरीजों को बांटे चश्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग।

विश्व ग्लाकोमा सप्ताह कार्यक्रम 8 से 14 मार्च तक जनजागरूकता अभियान के रूप में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर डॉ. मिथलेश चौधरी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी आरंग डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत के निर्देशन में मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोसरंगी में डायग्नोस्टिक नेत्र शिविर लगाकर ग्लाकोमा जैसी गंभीर बीमारी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उक्त शिविर में स्वास्थ्य विभाग आरंग के नेत्र सहायक अधिकारी सालिक नौरंगे नेत्र जांच हेतु विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्लाकोमा आंखों में होने वाली बहुत ही गंभीर बीमारी है। यह प्रायः 40 वर्ष उम्र के व्यक्तियों में पाया जाता है। इसका लक्षण शुरुआत में पता




नहीं चलता, जब तक पता चलता है तब तक आंखों की रोशनी बहुत ही कम हो चुकी होती है। जो रोशनी चली जाती है, उसे वापस लाना मुश्किल होता है। ग्लाकोमा की पहचान एवं बचाव की जानकारी देते हुए उन्होंने आए हुए ग्रामीणों से हर 6 माह में अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र परीक्षण कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि शिविर में 35 मरीजों ने अपना नेत्र परीक्षण कराया, जिसमें 8 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित मिले, जिनका निःशुल्क ऑपरेशन राज्य प्रांतीय संस्थान सिविल अस्पताल माना में कराया जाएगा। साथ ही 12 मरीजों को नजदीकी काम व पढ़ने-लिखने के लिए प्रेसबायोपिक चश्मा ग्राम पंचायत सरपंच दामिनी राजू मिर्जा के हाथों निःशुल्क प्रदाय किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सरपंच दामिनी राजू मिर्जा, नेत्र सहायक अधिकारी सालिक नौरंगे, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रामकुमार साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बैजयंती साहू, मितानिन चित्रेखा साहू, मीना साहू, चंद्रिका लहरी, पुष्पा लहरी, भारती मानिकपुरी, कल्पना दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 11.03.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रानु बाई पिता/पति अवध राम निवासी छपोरा छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम छपोरा पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 227/1, 228/1, 543/1 रकबा 0.1020, 0.6470, 0.0810 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक क्यू. / वाचक/ ना.तह. / 2026 दिनांक 23.01.2026 के परिपालन में दिनांक 17.03.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के छपोरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 11.03.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश कुमार पिता/पति रामसजीवन निवासी छपोरा छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम छपोरा पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 228/2, 228/5 रकबा 0.2180, 0.2110 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक क्यू. / वाचक/ ना.तह. / 2026 दिनांक 23.01.2026 के परिपालन में दिनांक 17.03.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के छपोरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 11.03.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ब्रजेश कुमार प्रजापति पिता/पति रामाधार प्रजापति निवासी मांढर कालोनी छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम छपोरा पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 227/2, 228/3, 228/4 रकबा 0.202, 0.101, 0.219 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक क्यू. / वाचक/ ना.तह. / 2026 दिनांक 23.01.2026 के परिपालन में दिनांक 17.03.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के छपोरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव**

# प्रदेश में अफीम की खेती पर पूर्व मंत्री ने भाजपा पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग\मंदिर हसौद

प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉक्टर शिवकुमार डहरिया ने दुर्ग और बलरामपुर जिले में अफीम की अवैध खेती के सनसनीखेज खुलासे पर साय सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ के माथे पर ‘कलंक’ बताते हुए कहा कि जिस राज्य की पहचान मेहनत कश किसानों से थी, उसे भाजपा ने नशे के सौदागरों की चरागाह बना दिया है। पूर्व मंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि यह सामान्य अपराध नहीं, बल्कि राजकीय विफलता का प्रमाण है। भाजपा के अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में अफीम की फसल लहलहा रही है और विभाग सोया हुआ है। क्या यह मान लिया जाए कि पुलिस और खुफिया तंत्र सिर्फ विपक्ष की जासूसी के लिए है..?? दुर्ग से लेकर बलरामपुर तक अफीम के तार जुड़ना यह बताता है कि सफेदपोशों के आशीर्वाद के बिना यह संभव नहीं है।

**सरकार से पांच सवाल-** सरकार से सीधे 5 सवाल : खुलासा देरी से क्यों..? जब फसल कटने को तैयार थी, तब प्रशासन को होश क्यों आया..? क्या यह किसी अंदरूनी बंदरबांट का नतीजा है..? सफेदपोशों पर चुप्पी क्यों..? अब तक सिर्फ खेत मालिकों पर कार्रवाई क्यों हुई..? इसके पीछे के ‘असली आकाओं’ के नाम उजागर क्यों नहीं किए जा रहे..? गृहमंत्री की चुप्पीः प्रदेश के गृहमंत्री इस गंभीर मुद्दे पर मौन क्यों हैं..? क्या उन्हें नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करनी चाहिए..? भाजपा का कनेक्शनः क्या सरकार उन स्थानीय भाजपा नेताओं की कॉल डिटेल्स सार्वजनिक करेगी, जो उन इलाकों में सक्रिय हैं.? युवाओं का भविष्यः छत्तीसगढ़ को ‘उड़ता पंजाब’ बनाने की इस साजिश का मास्टरमाइंड कौन है..? पूर्व मंत्री डॉ डहरिया ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को दबने नहीं देगी। भाजपा द्वारा प्रदेश को नशे का गढ़ बनाने की योजना को कांग्रेस कभी सफल होने नहीं देगी। कांग्रेस पार्टी नशे के विरुद्ध हमेशा से लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ेगी।

# एलपीजी के दामों में वृद्धि से रसोइ का बजट बिगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी।



छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) के दामों में एक बार फिर तेजी से बढ़ोतरी हुई है। 7 मार्च 2026 से 14.2 किलो के घरेलू सिलेंडर की कीमत में लगभग 60 रुपये की वृद्धि लागू कर दी गई है।

यह बढ़ोतरी पिछले एक साल में घरेलू सिलेंडर की पहली बड़ी वृद्धि है, जबकि व्यावसायिक 19 किलो सिलेंडर के दाम भी 114-115 रुपये तक बढ़ाए गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया (मध्य पूर्व) में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल आया है, जिसका असर भारत पर भी पड़ रहा है। देश में एलपीजी का बड़ा हिस्सा आयात होता है, जिससे कीमतों पर सीधा प्रभाव पड़ता है।इस मुद्दे पर चंदखुरी मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल टंडन ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा, चुनाव के समय जनता को सस्ते गैस सिलेंडर का सपना दिखाया गया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद हर कुछ महीनों में कीमत बढ़ाकर आम लोगों की जेब पर बोझ डाला जा रहा है। जो लोग कभी 400 रुपये के सिलेंडर के लिए आंदोलन करते थे, आज वही लोग 900-1000 रुपये के सिलेंडर पर पूरी तरह खामोश हैं। यह जनता के साथ स्पष्ट धोखा और मजाक है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 11.03.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जाहेदा बेगम वगै. पिता/पति काजी मो. अब्दुल मफूर खान निवासी छपोरा रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम छपोरा पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 225 रकबा 0.2550 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक क्यू. / वाचक/ ना.तह. / 2026 दिनांक 23.01.2026 के परिपालन में दिनांक 17.03.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के छपोरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 11/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती श्रद्धा चंद्राकर पिता/पति बलराम चंद्राकर निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम टेकारी पटवारी हल्का नंबर 23 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 209/1, 209/2, 209/3 रकबा 0.716, 0.716, 0.712 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक Q/वाचक/ ना.तह./2026 दिनांक 04/06/2025 के परिपालन में दिनांक 02/04/2026 को समय 11 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 23 के ग्राम बरौदा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-16 सारागांव

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 302 दिनांक 10.01.2019 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 12 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- **HIG DUPLEX- 152** को **श्री युवराज टेंभरे पिता स्व. श्री गेंदराम टेंभरे** के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 28.03.2024 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2091 दिनांक 22.04.2024 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में **श्री युवराज टेंभरे पिता स्व. श्री गेंदराम टेंभरे**, निवासी हाउस नं. 52, विकास विहार कॉलोनी, रायपुरा, वार्ड नं. 68, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री देवेश कुमार सोनी पिता श्री विजय कुमार सोनी,** निवासी एम.आई.जी.-सी-2, अमेरी रोड़, नेहरू नगर, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-12 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक - **HIG DUPLEX- 152** के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**“उद्घोषणा”**

क्रमांक 2114/आर.सी./रा.वि.प्रा./2026

रायपुर, दिनांक 12/03/2026

प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर (160 जनता मकान) योजनांतर्गत श्रीमती कमला विश्वकर्मा पति स्व. खेलन लाल विश्वकर्मा द्वारा जनता मकान क्रमांक 101 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। आबंटिती के द्वारा मकान का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 21.02.2017 को प्राप्त कर उक्त मकान का विक्रय क्रेता श्रीमती सीमा सिंह पति श्री संतोष सिंह निवासी- जनता मकान नंबर 101, जनता कॉलोनी, राजेन्द्र नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 08.03.2017 के द्वारा किया गया है। क्रेता द्वारा उक्त मकान हेतु प्राधिकरण में नाम दर्ज करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान का नामांतरण क्रेता के नाम पर किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार क्रेता का नाम दर्ज करने की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राहय नही होगा ।

दिनांक ........................ को जारी ।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)**

### कलाकारों का मानदेय अन्य राज्य की तर्ज पर बढ़ाने की मांग : अनुज शर्मा

**सिलयारी।** धरसींवा विधायक और प्रख्यात कलाकार अनुज शर्मा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में संस्कृति विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान प्रदेश के कलाकारों का मुद्दा प्रखरता से उठाया। उन्होंने सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि छत्तीसगढ़ के कलाकारों को मिलने वाला मानदेय अन्य राज्यों (जैसे मध्य प्रदेश या महाराष्ट्र) की तुलना में बहुत ही कम है।छत्तीसगढ़ की पहचान यहाँ की लोक कला (नाचा, गम्मत, पंडवानी, भरथरी) से है। कलाकार राज्य की संस्कृति का ध्वजवाहक होता है, छत्तीसगढ़ की संस्कृति और कला को देश-दुनिया में पहचान दिलाने वाले कलाकार आज भी उचित पारिश्रमिक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन जब उन्हें उचित पारिश्रमिक नहीं मिलता, तो वह आर्थिक तंगी से जूझने को मजबूर हो जाता है।जो कलाकार पूरी दुनिया को हंसाता है और मनोरंजन करता है, वह खुद अपने घर की जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने पड़ोसी राज्यों और अन्य विकसित राज्यों के मानदेय ढांचे का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां कलाकारों को दी जाने वाली राशि छत्तीसगढ़ की तुलना में कहीं अधिक सम्मानजनक है।विधायक ने रेखांकित किया कि वर्तमान मानदेय दरें बढ़ती महंगाई और कलाकारों की मेहनत के अनुरूप नहीं हैं।कलाकारों के मानदेय में वृद्धि न केवल आर्थिक सहायता है बल्कि उनके हुनर का सम्मान भी है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# होटल, रेस्टोरेंट में तीन से चार दिन कमर्शियल सिलेंडर का कोटा, करने लगे वैकल्पिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण एलपीजी की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई है। एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित होने की वजह से होटल कारोबारियों के साथ रेहड़ी तथा ठेले, खोमचे में खाने पीने का सामान बेचने वालों का कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। राजधानी के एक रेस्टोरेंट संचालक के अनुसार ज्यादातर होटल, रेस्टोरेंट संचालकों के पास कमर्शियल गैस सिलेंडर का तीन से चार दिन का कोटा बाकी है। इसके बाद उन्हें अपने होटल, रेस्टोरेंट चालू रखने वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी।

खास खबर

कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने से ठेला, खोमचे में सामान बेचने वालों की संख्या आधी रह गई है। इसी तरह से होटल, रेस्टोरेंट संचालक किसी तरह से अपना काम चला रहे हैं। होटल संचालक गैस सिलेंडर की किल्लत को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे हैं। होटल कारोबारियों के अनुसार गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं होने से उनका कारोबार 60 से 70 प्रतिशत तक प्रभावित होगा।

## पारंपरिक चूल्हा के साथ, कमर्शियल इंडक्शन, डीजल चूल्हा की व्यवस्था में जुटे

### डीजल चूल्हा पारंपरिक भट्टी ही सहारा

संतोषीनगर, संजय चौक स्थित मोहन स्वीट के संचालक का कहना है कि उनके पास होटल संचालित करने दो से तीन दिन का एलपीजी सिलेंडर है। इसके बाद होटल कारोबार संचालित करने होटल संचालक जब तक डीजल की उपलब्धता रहेगी, डीजल इंजन चूल्हा से काम चलाने की बात कही। इसके साथ ही डीजल की किल्लत होने पर पुराने दिनों की तरह भट्टी में पत्थर कोयला, लकड़ी जलाकर खाने पीने का सामान बनाने का काम चलाने की बात कही। होटल संचालक के अनुसार महीने में एक सिलेंडर मिलने से होटल कारोबार बुरी तरह से प्रभावित होगा।




### हालत नहीं सुधरने पर आयटम कम करना पड़ेगा

रसोई रेस्टेरेंट के संचालक इंद्रजीत सिंह सलूजा के अनुसार एलपीजी सिलेंडर नहीं मिलने के कारण होटल कारोबारी कमर्शियल इंडक्शन चूल्हा के साथ डीजल इंजन चूल्हा खरीदने विचार कर रहे हैं। रेस्टोरेंट संचालक के अनुसार बाजार में डीजल इंजन चूल्हा की मारामारी है। डीजल इंजन चूल्हा नहीं मिल रहा है। कमर्शियल इंडक्शन चूल्हा मिल रहा है, लेकिन उसकी कीमत 12 से 15 हजार रुपए है। इंडक्शन चूल्हा से केवल दाल-चावल ही सीमित मात्रा में बनाया जा सकता है। दाल-चावल पकाने लगातार इंडक्शन चूल्हा को चालू रखना होगा।

### एलपीजी की कमी का असर दिखने लगा

कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति पर रोक का असर साफ तौर पर दिखने लगा है। जिन होटल तथा रेस्टोरेंट संचालकों के पास एलपीजी सिलेंडर है, उनके द्वारा जरूरत के हिसाब से गैस खर्च की जा रही है। एलपीजी की आपूर्ति नहीं होने से होटल का मैन्यू भी छोटा हो गया है। कैटरिंग संचालक राजकिशोर राय के अनुसार आने वाला शादी सीजन है। एलपीजी नहीं मिलने से कैटरिंग कारोबार बुरी तरह से प्रभावित होगा। इसके साथ ही कैटरिंग का ठेका पूर्व में जिस रेट में होता था, लागत रेट बढ़ने से ठेका में 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है। कई कैटरिंग संचालक काम लेने से बच रहे हैं। कैटरिंग का ठेका लेने से पहले लोगों को दो से तीन दिन जवाब देने समय मांग रहे हैं।

### सीधी बात

होटल एसोसिएशन अध्यक्ष तरनजीत सिंह होरा

#### स्टाक खत्म होने के बाद पड़ेगा प्रभाव

वर्तमान में सभी थ्री, फोर तथा फाइव स्टार के साथ सामान्य दर्जे के होटल, रेस्टोरेंट में एलपीजी गैस सिलेंडर का चार से पांच दिन का स्टाक है। स्टाक खत्म होने पर होटल कारोबार प्रभावित होगा। इसके लिए हमने एक गाइड लाइन जारी की है। गाइड लाइन में कहा गया है कि होटल, रेस्टोरेंट संचालक ज्यादा से ज्यादा ई-चूल्हा का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही होटल स्टाफ के लिए खाना बनाने के लिए इंडक्शन चूल्हा का उपयोग करने कहा गया है। साथ ही स्थिति को देखते हुए होटल कारोबारियों को मैन्यू छोटा करने कहा गया है। ग्राहकों को खाने की कमी न हो, इसके लिए जोमैटो सहित अन्य फूड डिलीवरी करने वालों के संपर्क में हैं। जरूरत पड़ने पर क्लाउड किचन से संपर्क कर फूड डिलीवरी करने वालों की मदद से ग्राहकों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

#### नियमित खपत ढाई लाख से ज्यादा

अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर के अनुसार जिले में घरेलू सहित कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की खपत सात लाख 49 हजार है। इसमें कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर में दो लाख 60 हजार के करीब है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर जितनी मात्रा में लोगों तक पहुंचना चाहिए, वह पहुंच रहा है। होटल कारोबारियों के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडर होटल, रेस्टोरेंट कारोबारियों के पास महज 10 से 15 प्रतिशत के बीच पहुंच रहा है। इस लिहाज से कमर्शियल सिलेंडर होटल, रेस्टोरेंट तक वर्तमान स्थिति में महज 40 से 45 हजार के करीब पहुंच रहा है।

## गैस एजेंसियों में सर्वर का खेल, बुकिंग नहीं होने से लोग हो रहे परेशान, खाद्य विभाग ने कसा शिकंजा, जब्त किए सिलेंडर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में गैस सिलेंडरों की कमी के कारण अब कई गैस एजेंसियों में सर्वर का खेल शुरू हो गया है, जिससे ऑनलाइन बुकिंग भी नहीं हो पा रही है। इससे गैस एजेंसियों के कार्यालयों में हर दिन उपभोक्ताओं की भीड़ लग रही है। इधर दूसरी ओर खाद्य विभाग ने स्टॉक में गड़बड़ी करने वाली गैस एजेंसियों पर सख्ती करनी शुरू कर दी है। इसके तहत गुरुवार को रायपुर सहित जिले के आरंग क्षेत्र में कुछ गैस एजेंसियों की जांच की गई। इस जांच के दौरान एक एजेंसी के गोदाम में स्टॉक का मिलान करने के बाद घरेलू एवं व्यावसायिक 87 अवैध खाली सिलेंडर जब्त किए, वहीं 101 घरेलू भरे गैस सिलेंडर गायब मिले। अधिकारियों का कहना है कि कलेक्टर के निर्देशानुसार इस मामले में गैस एजेंसी संचालक के विरुद्ध प्रकरण बनाकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिले में गैस सिलेंडरों की किसी भी प्रकार से कालाबाजारी या जमाखोरी नहीं हो पाए, इसके लिए प्रशासन ने सभी गैस कंपनियों के डीलरों को निर्देशित किया है कि वे सप्ताह में एक दिन अपने स्टॉक तथा वितरण की पूरी जानकारी खाद्य विभाग को सौंपे, वहीं विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भी सप्ताह में एक दिन गैस एजेंसियों के कार्यालय एवं गोदाम का निरीक्षण कर स्टॉक एवं वितरण की वस्तुस्थिति को देखें।

### एफआईआर कराई जाएगी

गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध एफआईआर कराई जाएगी। घरेलू सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक रूप में नहीं किया जा सकता है। ऐसा करने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। गैस एजेंसी संचालक के विरुद्ध भी एफआईआर कराई जाएगी।

- **कीर्तिमान सिंह राठौर**, अपर कलेक्टर रायपुर

### होटल-चिकन सेंटर से 11 घरेलू सिलेंडर जब्त

रायपुर शहर से लगे सेजबहार क्षेत्र में एक होटल और एक चिकन सेंटर में घरेलू सिलेंडरों का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसमें कमल होटल से 8 घरेलू सिलेंडर तथा बाबूलाल चिकन सेंटर से 3 घरेलू सिलेंडर जब्त किए हैं। इन दोनों के संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### प्लाइवुड दुकान की आड़ में सिलेंडरों की कालाबाजारी

अभनपुर-नवापारा क्षेत्र में भी टीम ने रवि ग्लास एंड प्लाइवुड में छापा मारकर यहां से कुल 32 सिलेंडर जब्त किए हैं। इनमें 14.2 किलोग्राम के घरेलू 26 सिलेंडर, 19 किलोग्राम के 2 व्यावसायिक सिलेंडर तथा 5 किलोग्राम के 4 सिलेंडर जब्त किए हैं। बताया गया है कि दुकान संचालक ग्लास एंड प्लाइवुड व्यवसाय की आड़ में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की जा रही थी। इस तरह जिले में जांच और छापामार कार्रवाई में कुल 350 सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

# नगर पालिकाओं एवं पंचायत उप चुनाव मतदाता सूची तैयार करने कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी आम एवं उप चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार एवं पुनरीक्षित किए जाने के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार स्थानीय निकायों की मतदाता सूची 1 अप्रैल की स्थिति के आधार पर तैयार की जाएगी। जिन मतदाताओं के नाम संबंधित स्थानीय निकाय के क्षेत्र, वार्ड अथवा पंचायत से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में दर्ज होंगे, वही मतदाता स्थानीय निकायों की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के पात्र होंगे।

■ 5 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

जारी कार्यक्रम के अनुसार दावे-आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 23 अप्रैल तक जिन मतदाताओं के नाम भारत निर्वाचन आयोग की विधानसभा निर्वाचक नामावली में दर्ज होंगे, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर स्थानीय निकाय की निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज करा सकेंगे।

### निकायों में 6 अध्यक्ष और 75 पार्षद के पद रिक्त

नगरीय निकाय उप चुनाव के अंतर्गत अध्यक्ष के कुल 2 पद, क्रमशः नगरपालिका परिषद सारंगढ़ तथा नगरपालिका परिषद शिवपुर-चरचा में रिक्त हैं, साथ ही पार्षदों के 15 पद भी रिक्त हैं। इसके अतिरिक्त नवगठित चार निकायों नगर पंचायत घुमका, नगर पंचायत बम्हनीडीह, नगर पंचायत शिवनंदनपुर तथा नगर पंचायत पलारी में अध्यक्ष के 4 पद तथा पार्षदों के कुल 60 पद रिक्त हैं।

### 1142 पदों के लिए पंचायतों में चुनाव

इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायतों में जनपद पंचायत सदस्य के 8 पद, सरपंच के 78 पद तथा पंच के 1056 पद रिक्त हैं। इस प्रकार प्रदेश के 33 जिलों में कुल 1142 पद रिक्त हैं, जिनका चुनाव कराया जाना है।

### 13 अप्रैल को प्रारंभिक प्रकाशन

मतदाता सूची का मुद्रण 9 अप्रैल तक किया जाएगा। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अप्रैल को किया जाएगा, जिसके बाद दावे-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल निर्धारित की गई है, जबकि प्रारूप क-1 में दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल होगी।

## पेज 11 के शेष

### एक्सप्रेस-वे के ......

हालांकि कोई भी सीमेंट के टुकड़े की चपेट में नहीं आया, जिससे कोई हताहत भी नहीं हुआ। इधर इस घटना से एक्सप्रेस-वे के घटिया निर्माण की पोल भी खुल गई है। एक्सप्रेस वे का उद्घाटन हुए लगभग चार साल ही हुए हैं, लेकिन अभी से इस ओवरब्रिज का स्लैब टूटकर गिरने लगा है। ताज्जुब की बात यह है कि इस घटना की सूचना मिलने पर भी पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसर न ही मौके पर पहुंचे और ना ही ब्रिज के स्लैब निर्माण की जांच संबंधी कोई आदेश जारी किया है। हरिभूमि ने गुरुवार को इस एक्सप्रेस-वे की पड़ताल की। स्लैब का जो टुकड़ा गिरा है, वह लगभग 3 फीट लंबा तथा चौड़ाई एवं मोटाई लगभग 2-2 फीट की है। इसमें पता चला कि स्लैब का जो बड़ा सीमेंट का टुकड़ा टूटकर सड़क पर गिरा है, वह ब्रिज के स्लैब के मजबूत पार्ट का हिस्सा था। इसके बाद भी इसका टूटना कहीं न कहीं स्लैब निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है, या फिर यह कहा जा सकता है कि इस स्लैब के निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है, जिससे महज चार साल में ही स्लैब का यह पार्ट ब्रिज से अलग होकर गिर गया।

### 13 मेमू पैसेंजर ...

अब अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पुनः बहाल की गई हैं। आज से नागपुर रूट की ओर यात्रियों को आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मिलेंगी।

### रविवि ने एकत्र ...

ना मिलने पर पूरी व्यवस्था की जा चुकी है। रविवि के बालक और बालिका दोनों ही छात्रावास में भोजन बनाने का कार्य एक ही कैटर्स द्वारा किया जाता है। रविवि के छात्रावास में 111 बालक और 300 बालिकाएं निवासरत हैं। प्रतिदिन 411 विद्यार्थियों का भोजन रविवि में बनाया जाता है। इसमें दो समय के नाश्ते के साथ दोपहर और रात का खाना भी शामिल है। कैटर्स संचालक सुधीर ने बताया, उनके पास गुरुवार तक भोजन बनाने सिलेंडर था। शुक्रवार से वे चूल्हे में भोजन बनाएंगे।

### भिंडी, कुंदरू, कटहल...

होते ही सब्जियों के दाम में भी गर्मी आ गई है। वैसे कई सब्जियों चिल्हर में 50 रुपए से कम हैं, लेकिन बहुत सी सब्जियों के दाम 80 रुपए तक पहुंच गए हैं। वैसे अपने राज्य में ज्यादातर सब्जियां बाहर से आती हैं, लेकिन यहां पर भी जो फसल होती है, वह अब दूसरे राज्यों में जाने के कारण इसके दाम ज्यादा हो जाते हैं।

## बिजनेस साइट

# बैंक ऑफ इंडिया का 'मेगा समझौता अभियान' 16 मार्च से

**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 16 से 20 मार्च तक देशभर में 'मेगा समझौता अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बैंक अपनी सभी शाखाओं, जोन तथा एफजीएमओ में एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजना के माध्यम से उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों के निपटान की विशेष व्यवस्था करेगा। बैंक प्रबंधन के अनुसार यह विशेष समझौता अभियान उन उधारकर्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, जो व्यावसायिक संकट, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या अन्य वास्तविक कारणों के चलते समय पर अपने ऋण का भुगतान नहीं कर सके। अभियान के दौरान छोटे और मध्यम आकार के ऋण खातों के लिए बैंक की विशेष ओटीएस योजनाएं लागू रहेंगी। इन योजनाओं के तहत पात्र एनपीए खाताधारकों को आकर्षक छूट और रियायतें प्रदान की जाएंगी, जिससे वे अपने बकाया ऋण का एकमुश्त निपटान कर सकें।

BOI Relationship beyond banking




## खबर संक्षेप

### अमिताभ बनर्जी नए क्षेत्रीय संचालक, हटाए गए डॉ.तपेश

**रायपुर।** विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमिताभ बनर्जी उच्च शिक्षा विभाग के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के नए अपर संचालक होंगे। उन्हें उनके वर्तमान दायित्व के साथ-साथ यहां का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ.बनर्जी जारी आदेश के अनुसार डॉ.तपेशचंद्र गुप्ता की जगह लेंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल करते हुए गुरुवार को इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया। वहीं छग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.तपेशचंद्र गुप्ता का तबादला उनके महाविद्यालय से भी कर दिया गया है। उन्हें नवीन महाविद्यालय अमलीडीह में स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा उन्हें उच्च शिक्षा संचालनालय में अपर संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।



### डाक अदालत 18 को

**रायपुर।** कार्यालय मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल छत्तीसगढ़ परिमण्डल रायपुर द्वारा डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए 18 मार्च को शाम 4 बजे 'डाक अदालत' का आयोजन किया जा रहा है। यह अदालत रायपुर जीपीओ बिल्डिंग, जय स्तंभ चौक में आयोजित होगी, जिसमें डाक वितरण, बचत बैंक, मनीआर्डर और बीमा जैसी सेवाओं से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा, जिसके लिए 16 मार्च की दोपहर 2 बजे तक शिकायतें दी जा सकती है। इसके बाद प्राप्त शिकायतों को इस अदालत में शामिल नहीं किया जाएगा।

### बिजली बिल और सरचार्ज में छूट का स्वागत, सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के पदाधिकारियों ने बिजली बिल और अधिभार में छूट घोषित योजना का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया गया है। इस मौके पर समिति के समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने कहा है कि सरचार्ज में सौ प्रतिशत छूट व मूल बिल में 75 प्रतिशत की छूट एकल बत्ती कनेक्शनधारियों व किसानों के लिए बेहद लाभकारी है। योजना में मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा कराकर पंजीयन कराया जा सकता है। शेष राशि किस्तों में जमा करनी है, योजना 30 जून तक लागू है। उन्होंने कहा कि सीएम साय किसानों व एकलबत्ती कनेक्शन धारियों के हितैषी हैं। श्री आहूजा ने कहा कि मुख्यमंत्री साय बेहद संवेदनशील हैं, उन्हें समाज के हर वर्ग का ख्याल है, वे जनसमस्याओं का सतत निराकरण कर विकास कार्यों के माध्यम से आम लोगों की जरूरत को पूरा कर रहे हैं। आभार जताने वालों में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला, उपाध्यक्ष सुरेंद्र छाबड़ा तथा महामंत्री किशोर आहूजा आदि शामिल थे।

### शाही रोजा इफ्तार आज जुटेंगे 10 हजार रोजेदार

**रायपुर।** मुस्लिम समाज का रमजान माह चल रहा है। इसी कड़ी में नेताजी सुभाष स्टेडियम में 13 मार्च को शाही रोजा इफ्तार रखा गया है, जिसमें करीब दस हजार रोजेदार शामिल होंगे और सर्व समाज के प्रमुख भी शामिल होकर कौमी एकता का संदेश देंगे। इस शाही इफ्तार के आयोजन को 20 साल हो गए हैं, जो कौमी एकता, सर्वधर्म, समभाव का प्रतीक है। यह जानकारी शाही रोजा इफ्तार के आयोजक राहिल रऊफी, नईम अशरफी, रफीक गोठिया, शेख अमीन ने बताया कि महिलाओं के लिए भी इंतजाम किया गया है।

## निधन

### नरेश रामरख्यानी

**रायपुर।** गुलमोहर वाटिका, महावीर नगर निवासी नरेश रामरख्यानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 मार्च को सुबह 11 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम जाएगी। वे लालचंद, मोहनलाल, नानकराम, प्रहलाद के भाई थे।



# पिछले दो साल में जहां नहीं हुआ बाल विवाह, वे ग्राम पंचायत-नगरीय निकाय होंगे बाल विवाह मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रायपुर जिले में जिस ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में पिछले दो वर्ष में एक भी बाल विवाह नहीं हुआ है, उन्हें अब बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों से प्रस्ताव भी मंगाए गए हैं। इसके तहत जिले से अभी तक 283 ग्राम पंचायतों एवं 5 नगरीय निकायों ने प्रस्ताव भी भेज दिए हैं। इन प्रस्तावों के आधार पर प्रशासन ने सूची जारी करते हुए 20 मार्च तक दावा-आपत्ति मंगायी है। निर्धारित समय में आपत्ति नहीं आने पर प्रस्ताव भेजने वाले सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को अधिकृत रूप से बाल विवाह मुक्त घोषित कर दिया जाएगा। जिले में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शासन ने 9 सितंबर 2025 को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसके अनुसार ऐसी ग्राम पंचायतें और नगरीय निकाय जहां पिछले दो वर्षों में बाल विवाह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है, उन्हें बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है। इसके तहत जिले की 408 ग्राम पंचायतों में से 283 ग्राम पंचायतों ने स्वयं को बाल विवाह मुक्त घोषित किए जाने के लिए अनुशंसा भेजी है, वहीं जिले के 12 नगरीय निकायों में से 5 नगरीय निकायों ने भी बाल विवाह मुक्त नगरीय निकाय घोषित किए जाने के लिए प्रस्ताव भेजा है।

## बाल विवाह मुक्त घोषित करने 283 ग्राम पंचायतों एवं 5 नगरीय निकायों ने भेजा प्रस्ताव

### सूची चस्पा की गई

प्रशासन को भेजे गए प्रस्तावों के तहत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत संबंधित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों की सूची कलेक्टोरेट कार्यालय रायपुर सहित कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कार्यालय आरंग, अभनपुर, धरसींवां-1, धरसींवां-2, रायपुर शहरी-1, रायपुर शहरी-2, तिल्दा और मंदिर हसौद में चस्पा की गई हैं।



### आपत्ति आने पर होगी जांच

अधिकारियों के अनुसार बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों की सूची को सार्वजनिक करते हुए प्रशासन ने दावा-आपत्ति मंगाई है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति किसी भी ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय में पिछले दो वर्ष में एक भी बाल विवाह होने का मामला प्रशासन के संज्ञान में लाएगा, तो उसकी जांच कराई जाएगी। जांच के बाद ही संबंधित ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय को बाल विवाह मुक्त करने संबंधित निर्णय लिया जाएगा।

### नगरीय निकाय की सूची में इनके नाम शामिल

जिले के 12 नगरीय निकाय निकाय में प्रस्ताव भेजने वाले नगरीय निकाय में रायपुर नगर निगम, बिरगांव नगर निगम, कुंरा, अभनपुर एवं आरंग शामिल है।बताया जा रहा है कि बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में धरसींवा क्षेत्र का कुछ हिस्सा भी शामिल है।

## क्यूसीआई करेगी निकायों में साफ-सफाई का सर्वेक्षण और मूल्यांकन

# शहरों में सफाई के नियमित मूल्यांकन के लिए छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरों में अब स्वच्छता का नियमित मूल्यांकन किया जाएगा, इसके लिए स्वच्छता लीग शुरू किया गया है। ठोस व तरल अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन और नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के साथ ही शहरों के स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के लिए यह शुरुआत नगरीय प्रशासन विभाग ने की है। राज्य शासन ने शहरों में स्वच्छता के नियमित मूल्यांकन और छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग के क्रियान्वयन के लिए सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी किया है।

छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग 2025-26 में सर्वेक्षण एवं मूल्यांकन कार्य के लिए क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया को अधिकृत किया गया है। एजेंसी द्वारा नियुक्त मूल्यांकनकर्ता नगरीय निकायों का स्थल निरीक्षण प्रारंभ करेंगे, स्वच्छता के लिए मौजूदा सुविधाओं का अवलोकन करेंगे। यही नहीं, आवश्यक दस्तावेजी प्रमाण भी एकत्रित करेंगे। संपूर्ण मूल्यांकन प्रक्रिया निर्धारित प्रोटोकॉल, जारी दिशा-निर्देशों एवं जारी टूलकिट के अनुरूप क्रियान्वित की जाएगी।

### राज्य शासन ने सभी निकायों को जारी किया परिपत्र



### माह के अंतिम सप्ताह में आएगी केन्द्रीय टीम

मार्च के अंतिम सप्ताह में शहर की सफाई व्यवस्था का सर्वेक्षण करने केन्द्रीय टीम रायपुर आएगी। इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में वार्ड प्रभारी की नियुक्ति की है। संबंधित जोन कमिश्नर को इस कार्य की मानटरिंग के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि उप अभियंता सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उनके साथ सहायक सेनेटरी इंसपेक्टर को भी इस कार्य में लगाया गया है।

### दस जोन के लिए 2 करोड़ 58 लाख खर्च

रायपुर नगर निगम को देश के 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण की स्पर्धा में टॉप 3 रैंकिंग पर लाने निगम प्रशासन जुटा हुआ है। इसके लिए नगर निगम के 10 जोन में प्रचार-प्रसार के लिए 2 करोड़ 58 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। 25 लाख रुपए एक जोन के हिसाब से राशि दी गई है। इस राशि से जोन स्तर पर डोर टू डोर कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई, नालियों सफाई, सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय के रखरखाव, कचरा मुक्त बाजार और प्रमुख चौराहों की सफाई पर खर्च होना है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी में जुटा निगम, जोन कमिश्नर ने सफाई ठेकेदारों, सुपरवाइजर की ली क्लास



रायपुर शहर को देशव्यापी स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष पर लाने के लिए नगर निगम ने कमर कस ली है। महापौर मीनल चौबे ने हाल ही में गांधी सदन में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर शहरभर में सफाई व्यवस्था में कसावट लाने निर्देश दिए। वहीं जोन 1 कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने खमतराई स्थित जोन कार्यालय में समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में सात वार्डों के सुपरवाइजर और ठेकेदार उपस्थित रहे। उन्होंने सफाई ठेकेदारों और सुपरवाइजरों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया है कि स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुरुवार को जोन 1 कार्यालय में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी के सिलसिले में जोन कमिश्नर ने सफाई ठेकेदारों और सुपरवाइजरों की क्लास ली। इसके बाद जोन के कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा और जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन की उपस्थिति में वार्डवार सफाई का जायजा लिया। इस दौरान सफाई सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया कि वार्डो की गलियों और मुख्य मार्गों पर कचरा इकट्ठा न होने दें। डस्टबिन को खाली करने की फ्रीक्वेंसी बढ़ाई जाए। ठेकेदारों को अल्टीमेटम देते हुए सफाई मित्रों की निर्धारित संख्या में पूरी उपस्थिति सुनिश्चित करने और उपकरणों की कमी पूरी करने सख्त निर्देश दिए गए।

## तपने लगी मार्च की दुपहरी

# राजनांदगांव में पारा 40 डिग्री आज से तीन दिन तक बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मार्च की दोपहरी अब तपने लगी है। गुरुवार को छग का अधिकतम पारा 40 डिग्री को छू गया। राजनांदगांव प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा, जहां 40 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। दूसरी ओर सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर का रहा। यहां न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री दर्ज हुआ। राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक 38.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक 21.7 डिग्री रहा। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री अधिक है।

लेकिन लोगों को इससे थोड़ी राहत जल्द ही मिल सकती है। एक पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रूप में मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 69 डिग्री पूर्व और 33 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में आज बदली-बारिश के हालात बनेंगे, जबकि अधिकतर हिस्सों में 14 मार्च से हल्की बारिश होगी। कल से बस्तर संभाग के अधिकतम तापमान में गिरावट प्रारंभ होने की संभावना है, जबकि प्रदेश के शेष हिस्सों में 15 मार्च से गिरावट का दौर प्रारंभ होगा। इस अवधि में अधिकतम तापमान में करीब चार डिग्री गिरावट होगी।

### दक्षिण छग में अधिक बारिश

*14 मार्च से प्रदेश के उत्तरी भाग में उत्तर से तथा दक्षिणी भाग में दक्षिण से (बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं का ) आगमन वातावरण के निम्न स्तर पर होने की संभावना है। जिसके कारण मध्य छत्तीसगढ में एक जोन बनने की सम्भावना है । जिसके कारण 15-16 मार्च को मौसम की विषमता रहने की संभावना विभाग द्वारा जताई गई है। प्रदेश में आज से बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण 13 मार्च से बस्तर संभाग के जिलों से वर्षा की गतिविधि प्रारंभ होने की संभावना है। 14 मार्च को दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ेंगे। 15 और 16 मार्च को प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में इस अवधि में गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी आशंका है।*

# डीएड अभ्यर्थियों ने धरना स्थल से निकाला दांडी मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी संघ के आव्हान पर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर सहायक शिक्षकों के 2300 पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग कर रहे अभ्यर्थियों ने गुरूवार को धरना स्थल से शांतिपूर्ण दांडी मार्च निकाला। अपने संवैधानिक अधिकार व न्याय की मांग को लेकर जारी आंदोलन में बड़ी संख्या में डीएड अभ्यर्थी शामिल हुए।

■ सहायक शिक्षकों के 2300 पदों पर जल्द नियुक्ति देने की मांग

प्रदेशभर के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी लंबे समय से आमरण अनशन कर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी सहायक शिक्षक भर्ती के अंतर्गत 2300 पद रिक्त रहने से नाराज हैं, उनका कहना है कि हजारों प्रशिक्षित डीएड अभ्यर्थी नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं पर राज्य शासन न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं कर रही। इस गंभीर विषय के प्रति शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्वक दांडी मार्च निकाला गया। अभ्यर्थी 79 दिन से आमरण अनशन कर अपने हक की आवाज बुलंद करने जुटे हैं।



## विधानसभा थाना क्षेत्र की घटना

# होटल के स्टोर रूम में आग से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित होटल रॉयल कैसल में आग लगने से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आग लगने की घटना गुरुवार चार बजे की है। स्टोर रूम से आग की लपटें उठती देख होटल प्रबंधन को होटल में आग लगने की जानकारी मिली। इसके बाद फायर ब्रिगेड को होटल में आग लगने की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग ने विकराल रूप ले लिया और काला धुआं पूरी बिल्डिंग में फैलने लगा। आग जब तक पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में लेती, मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गईं और आग को काबू किया। मौके पर किसी तरह की अनहोनी को रोकने विधानसभा पुलिस के साथ ही डीएसपी विरेंद्र चतुर्वेदी उपस्थित रहे।



### होटल में मची चीख पुकार

*होटल की पहली मंजिल के कमरों के अंदर धुआं भरते ही चीख-पुकार मच गई। होटल स्टाफ और स्थानीय लोगों की मुस्तैदी से अंदर मौजूद सभी मेहमानों और कर्मचारियों को होटल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।*

# सरकारी विभाग में गाड़ी अटैच करने का झांसा देकर 15 से ज्यादा लोगों की कार गायब की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी विभाग में गाड़ी अटैच कर हर माह 25 से 30 हजार रुपए किराया भाड़ा मिलने का झांसा देकर एक व्यक्ति द्वारा 15 से ज्यादा लोगों के साथ अमानत में खयानत करने का मामला सामने आया है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़त गुरुवार को पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने पीड़ितों को आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

प्रकाश गायकवाड़, सुनील, सुशील कुमार साहू सहित अन्य पीड़ित प्रेम कुमार साहू के खिलाफ पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत करने सिविल लाइंस स्थित उनके कार्यालय पहुंचे थे। पीड़ितों ने पुलिस कमिश्नर को बताया है कि प्रेम कुमार ने उनसे जान पहचान बढ़ाने के बाद उनकी अलग-अलग मॉडल के कार को मंत्रालय सहित अन्य सरकारी विभाग में लगाने का झांसा दिया। साथ ही कार मालिकों को प्रेम कुमार ने हर महीने 25 से 30 हजार रुपए किराया देने का झांसा दिया। झांसा में लेने के बाद प्रेम कुमार कार मालिकों के साथ एग्रीमेंट कर कार के सारे दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर समय सीमा समाप्त होने के बाद कार नहीं लौटाई।



### अलग-अलग लोगों के नाम से किया एग्रीमेंट

पीड़ितों ने पुलिस को बताया है कि प्रेम कुमार ने कार किराए पर लेने अलग-अलग लोगों के नाम से एग्रीमेंट किया है। जिन लोगों से प्रेम ने कार किराए पर लिया था। उन लोगों को शुरुआत के दो तीन महीने रेंट देने के बाद किराया देना बंद कर दिया। कार मालिक ने प्रेम से संपर्क करने की कोशिश की। कार मालिकों के अनुसार प्रेम अपना मोबाइल बंद कर गायब हो गया है।

### कार का किया जीपीएस बंद

कार मालिकों ने पुलिस कमिश्नर को बताया है कि सरकारी विभाग तथा मंत्रालय में कार अटैच करने का झांसा देकर किराया पर लेने वाले प्रेम ने उनकी गाड़ियों की जीपीएस लोकेशन बंद कर दिया है। इससे कार मालिकों को अपनी कार के लोकेशन के बारे में किसी तरह से जानकारी नहीं मिल पा रही। कार किराए पर लेने के बाद कार के जीपीएस सिस्टम को बंद कर दिया है।

## नगर उत्थान योजना में 15 करोड़ का प्रोजेक्ट

# गॉस मेमोरियल खेल मैदान का होगा पुनर्विकास, आधुनिक सुविधाओं से युक्त

खिलाड़ियों के लिए रनिंग ट्रैक, दर्शक दीर्घा, हरी घास लगेगी, लाइट के साथ फिटनेस के इक्वीपमेंट लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित गॉस मेमोरियल खेल मैदान की दशा सुधरेगी। यहां सर्व सुविधा युक्त खेल स्टेडिमय बनाया जाएगा। इसमें खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण और अभ्यास की सुविधा के साथ ही बच्चों व युवाओं के दौड़ने के लिए रनिंग ट्रैक बनाया जाएगा। इसके साथ ही खेल प्रेमियों की सुविधा के लिए दर्शक गैलेरी और खेल मैदान पर हरी-भरी घास की परत बिछाई जाएगी। पूरे खेल परिसर को जगमग रोशनी से जगमग करने नई लाइट लगाई जाएंगी। मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना में गॉस मेमोरियल खेल मैदान के उन्नयन के लिए 15 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके लिए नगर निगम द्वारा प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।



दरअसल, शहर के मध्य में स्थित 6 एकड़ में फैले गॉस मेमोरियल खेल मैदान का पुनर्विकास कर उसे आधुनिक खेल स्टेडियम का स्वरूप देने की योजना है। 2022 में इसकी लीज समाप्त होने के बाद जिला प्रशासन ने इस मैदान को अपने कब्जे में लेकर इसे विकसित करने की पहल की । पांच दशक पुराना सिविल लाइन इलाके के इस खेल मैदान में जिसमें बाबर बंगला वाला क्षेत्र समाहित है उसे 8 माह पूर्व निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 4 कमिश्नरी ने स्थल पर जाकर जमीन को कब्जे में लिया। अब इसे खेल प्रयोजन के लिए ही सुरक्षित रखा जाएगा। इसमें किसी तरह के व्यवसायिक प्रयोजन संबंधी आयोजन की मनाही की गई है। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने बताया कि गॉस मेमोरियल खेल मैदान का रीडेवलपमेंट संबंधी प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद इसे अत्याधुनिक खेल मैदान का स्वरूप देने ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना में इसे खेल मैदान के रूप में सर्व सुविधा युक्त बनाने की योजना है। जिससे कि स्थानीय युवाओं को खेल प्रशिक्षण एवं अभ्यास के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। यही नहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की संभावना बढ़ेगी।



हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

पिगमेंटिड लिप्स को संवारें ...

## लाइव इवेंट

### यूपीएससी में कंबाइड मेडिकल सर्विस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू




**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने कंबाइड मेडिकल सर्विस (CMS) परीक्षा के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं। वे उम्मीदवार यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर विजिट कर सकते हैं। परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को शुरू कर दी गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 31 मार्च, 2026 तक इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। महिला, एससी एवं एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस में छूट दी गई है। इसके साथ ही अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 200 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में जमा करना होगा।

#### अधिकतम आयु 32 वर्ष कंबाइड मेडिकल सर्विस

परीक्षा में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 32 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। विशेष वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को पांच वर्ष की छूट और ओबीसी उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट दी जाएगी।इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीबीएस की डिग्री होनी चाहिए। इस दिन होगी परीक्षायूपीएससी की ओर से कंबाइड मेडिकल सर्विस परीक्षा का आयोजन विभिन्न परीक्षा केंद्रों में 02 अगस्त, 2026 को किया जाएगा। उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा में कुल दो पेपर होंगे। यह परीक्षा 500 अंकों के लिए आयोजित कराई जाएगी।

#### ऐसे कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन

यूपीएससी में कंबाइड मेडिकल सर्विस परीक्षा में आवेदन करने के लिए उम्मीदवार यहां बताए गए निम्नलिखित स्टेप्स को फॉलो कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट **upsc.gov.in** पर जाकर विजिट करना होगा। इसके बाद वेबसाइट के होमपेज पर उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करना होगा। अब मांगी गई सभी जानकारी को ध्यान से दर्ज कर लें। इसके बाद आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी और रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करें। अंत में इसका एक प्रिंटआउट भी अवश्य निकाल लें।

● सोने से एक घंटे पहले मोबाइल, टीवी और लैपटॉप जैसे सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बंद करने की सलाह

# मोबाइल ने उड़ाई रातों की नींद, अब सिरदर्द चिड़चिड़ेपन से बच्चे और युवा हो रहे परेशान

**रायपुर।** हालात इतने चिंताजनक हो गए हैं कि अपनी खोई हुई नींद और मानसिक शांति वापस पाने के लिए अब युवाओं और बच्चों को मनोचिकित्सकों की शरण लेनी पड़ रही है। विश्व नींद दिवस के अवसर पर शहर के मनोचिकित्सकों ने इस बढ़ते खतरे को लेकर आगाह किया है। डॉक्टरों के मुताबिक, जिले में लगभग 30 से 35 प्रतिशत लोग नींद न आने की बीमारी से जूझ रहे हैं। राजधानी के मेकाहारा अस्पताल में नींद की शिकायत लेकर पहुंचने वालों में युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। डॉ. एम.के. साहू के अनुसार, ओपीडी में हर महीने 30 से अधिक ऐसे मामले आ रहे हैं। वही प्राइवेट अस्पतालों की बात करे तो महीने में 100 से अधिक मामले आ रहे हैं। जहां रात में मोबाइल और टीवी के अत्यधिक उपयोग से युवाओं की स्लीप साइकिल पूरी तरह बिगड़ चुकी है। इसके परिणामस्वरूप युवाओं में एंजायटी, डिप्रेशन और तनाव के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

> *स्वस्थ शरीर के लिए अच्छी नींद उतनी ही जरूरी है जितना कि भोजन और पानी, लेकिन रायपुर के युवाओं की रातों की नींद अब मोबाइल फोन ने पूरी तरह से छीन ली है। देर रात तक स्क्रीन पर आंखें गड़ाए रखने के कारण युवा अनिद्रा, भयंकर सिरदर्द और चिड़चिड़ेपन जैसी गंभीर समस्याओं का शिकार हो रहे हैं।*

#### नाइट जगना स्किन कर देगा डैमेज



रात को 8 घंटे की नींद पूरी न होने से उनकी त्वचा पर भी बुरा असर डाल रही है। नींद रात में त्वचा को फिर से जवां बनाने में मदद करती है। यह ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाती है और क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की मरम्मत करती है। जो लोग बेहतर नींद लेते हैं उनकी त्वचा भी हेल्दी होती है। नींद पूरी नहीं हुई तो बन जाएंगे गुस्सैल वे लोग जिनकी रात की नींद पूरी नहीं होती, अगले दिन वे थके हुए, बेचैन महसूस करते हैं और उस दिन उन्हें बात-बात पर गुस्सा आता है। नींद पूरी न होने के लॉन्ग टर्म परिणाम होते हैं। नींद की कमी मानसिक क्षमताओं को कम करने लगती है और आपके शारीरिक स्वास्थ्य को खतरे में डालती है। नींद की कमी मोटापे को भी बुलावा देती है।



#### वयस्कों को 7 से 9 घंटे की नींद अवश्य

डॉक्टरों ने स्पष्ट किया है कि स्वस्थ शरीर के लिए उम्र के हिसाब से नींद लेना अनिवार्य है। जहां किशोरों (13-17 साल) को 8 से 10 घंटे की नींद चाहिए, वहीं वयस्कों को कम से कम 7 से 9 घंटे की नींद अवश्य लेनी चाहिए। इस समस्या से निजात पाने के लिए मनोचिकित्सकों ने युवाओं को सख्त डिजिटल डिटॉक्स की सलाह दी है। उनका कहना है कि सोने से कम से कम एक घंटा पहले मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह बंद कर दें। इसके अलावा, रोजाना तय समय पर सोने-जागने की आदत डालें, बेडरूम को शांत रखें और नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।



#### अधूरी नींद से बढ़ रहा डायबिटीज का खतरा

विशेषज्ञों का कहना है कि इंसान अपनी जिंदगी का एक तिहाई हिस्सा सोते हुए बिताता है। यह समय दिमाग और शरीर की मरम्मत के लिए बेहद जरूरी होता है। नींद पूरी न होने से शरीर कई बीमारियों का घर बन रहा है। इससे शरीर में भूख नियंत्रित करने वाले 'लेप्टिन' हार्मोन का स्तर गिर जाता है, जिससे मोटापा बढ़ता है। साथ ही इंसुलिन के प्रति शरीर की क्षमता कम होने से डायबिटीज का खतरा भी बढ़ जाता है। नींद की कमी मानसिक क्षमताओं को भी कम कर रही है, जिससे व्यक्ति अगले दिन थका हुआ, बेचैन और बात-बात पर गुस्सैल महसूस करता है। इसके अलावा रातभर जागने से त्वचा की कोशिकाएं भी डैमेज हो रही हैं।

## सिटी इवेंट

### भागवत गीता व ज्योतिष में एमए पाठ्यक्रम इग्नू में शामिल



**रायपुर।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन युनिवर्सिटी इग्नू का जागरूकता एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया। इग्नू अध्ययन केन्द्र के मुख्य समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रायपुर स्थित इग्नू रीजनल सेंटर के रीजनल डायरेक्टर राजेन्दर गौड़ा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने की। अपने संबोधन में रीजनल डायरेक्टर राजेन्दर गौड़ा ने बताया कि इग्नू की पूरे विश्व में 30 से अधिक देशों में सेन्टर संचालित है तथा लाखों की संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत है।

#### नियमित अध्ययन के साथ दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम में भी लें प्रवेश

इग्नू के उच्च स्तरीय पाठ्य सामाग्री, सरल प्रवेश नीति, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क में पूर्णतः छूट, वर्षभर में दो सत्र जनवरी तथा जुलाई माह में प्रवेश तथा दो सत्रों में दिसंबर एवं जून में सत्रांत परीक्षा आदि पर जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे नियमित अध्ययन के साथ-साथ एक दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम में भी प्रवेश लें। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि च्वाईस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम इग्नू में पहले से लागू है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इग्नू में किए गए सर्टिफिकेट, डिप्लोमा अथवा डिग्री के दौरान प्राप्त क्रेडिट का यूजीसी के पाठ्यक्रमों की तरह क्रेडिट ट्रांसफर हो सकता है।

#### पौधा भेंटकर किया सम्मान

सरस्वती पूजन के साथ आरंभ हुए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का संचालन इग्नू अध्ययन केन्द्र के सहायक समन्वयक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक समन्वयक डॉ. जीएस ठाकुर ने किया। अतिथियों का पौधा भेंटकर सम्मान करने वालों में प्राचार्य, डॉ. अजय कुमार सिंह, मुख्य समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना, सहायक समन्वयक डॉ. जी.एस. ठाकुर, डॉ. एस.डी. देशमुख, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी शामिल थे।

#### पाठ्यक्रमों की दी जानकारी

अपने संबोधन में इग्नू अध्ययन केन्द्र के मुख्य समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना ने साईंस कालेज अध्ययन केन्द्र में चल रहे पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। डॉ. सुराना ने बताया कि पीजीडीआरडी तथा एमबीए एवं एमए भगवत गीता, एमए ज्योतिष आदि पाठ्यक्रम इग्नू में सफलतापूर्वक संचालित हो रहे है। इस अवसर पर प्रश्न पूछने वालों में विद्यार्थियों के अलावा डॉ. एसडी देशमुख तथा डॉ. शकील हुसैन शामिल थे। कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापकों में डॉ. अजय पिल्लई, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. तरलोचन कौर, डॉ. के. पद्मावती, डॉ. कल्पना अग्रवाल, डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी, डॉ. ज्योति धारकर, डॉ. अनुपमा कश्यप, डॉ. उपमा श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अतिथि प्राध्यापक भी उपस्थित थे।

## प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक दिवस पर निकाली शोभायात्रा

*प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ऋषभदेव का जन्म कल्याणक दिवस दुर्ग के सभी मंदिर की में सुबह धूमधाम से उल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया गया। प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक दिवस पर सुबह मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सुसज्जित चांदी रथ पर भगवान आदिनाथ जिनेंद्र देव को विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया।*





**रायपुर।** प्रभात फेरी में जैन समाज के धर्म प्रेमियों ने जयकारा और विचारधारा से भगवान आदिनाथ जयंती को सफल किया।

इस दौरान सुबह मंदिर में भक्तों ने अभिषेक शांति धारा और पूजन का धर्म लाभ प्राप्त किया। 24 तीर्थंकरों में प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की शुभ दिवस जन्म कल्याणक पर जैन समाज के द्वारा आम जनता को गन्ना रस का रसपान कराया गया। समाज के प्रचार-प्रसार प्रभारी संजय बोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान आदिनाथ जयंती के अवसर पर गन्ना रस वितरण और दान का विशेष महत्व होता है। जिसे सभी ने प्रसाद के रुप में ग्रहण किया।

## रविवि में दो दिवसीय छग ग्रीन समिट आज

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय दिनांक 13 एवं 14 मार्च 2026 में दूसरा छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसका प्रमुख उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और पारंपरिक ज्ञान को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मंच है। समिट का उद्घाटन समारोह 13 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री जिष्णु देव वर्मा विशिष्ट अतिथि तथा छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला, रजिस्ट्रार डॉ. शैलेन्द्र कुमार पटेल तथा प्रोग्राम ऑफिसर सुश्री अन्वेषा पॉल सहित अनेक प्राध्यापक और शिक्षाविद उपस्थित रहेंगें। पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए मैक कॉलेज के अध्यक्ष रमेश अग्रवाल तथा कॉलेज की प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगें। समिट में ग्रीन अवाड्र्स के माध्यम से जमीनी स्तर पर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले व्यक्तियों और समुदायों को सम्मानित किया जावेगा। साथ ही जनजातीय कथावाचन, आर्ट वॉक, ग्रीन ट्रेल और वन आधारित आजीविका से जुड़े उद्यमों के स्टॉल जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

कार्नर न्यूज

रोजाना सीधे धूप झेलने की वजह से पूरी तरह से सूख जाते हैं पौधे

## पौधों को झुलसने से बचाने गार्डन में ग्रीन नेट पांच डिग्री तक तापमान कम होने से राहत



**रायपुर।** मार्च महीने की शुरुआत से गर्मी अपने चरम पर है। तेज धूप की तपन तो अब मनुष्य नहीं सह पा रहा है। ऐसी झुलसा देने वाले तेज धूप में छोटे पौधों को भी सीधे धूप सहना पड़ता है। सूरज की तेज किरणें पानी को सोख लेती हैं, जिससे पौधे मुरझा जाते हैं। यदि ऐसे समय में इनकी देखभाल नहीं की गई और इन्हें पानी नहीं मिला तो पौधे मर भी जाते हैं, लेकिन अब तेज धूप से इन पौधों को बचाने के लिए बाजार में ग्रीन नेट का विकल्प आ चुका है, जिसे प्रकृति प्रेमी घर के टेरिस गार्डन में लगा रहे हैं, ताकि पौधे तेज धूप में बच सकें और छाया में रहें तथा अच्छी तरह फलते-फूलते रहें। वर्तमान में ग्रीन नेट की मांग भी बाजार में काफी बढ़ गई है। रोजाना सीधे धूप झेलने की वजह से पौधे पूरी तरह से सूख जाते है और फिर से इसमे हरियाली आना संभव नहीं हो पाता है।





#### घरों और टेनिस गार्डन में बढ़ा इस्तेमाल

गर्मी तेज होने से अब घरों के आंगन में बने गार्डन के साथ ही टेरिस गार्डन में ग्रीन नेट का इस्तेमाल बढ़ गया है। एक्सपर्ट के मुताबिक, ग्रीन नेट लगने के बाद धूप पौधों में छनकर पहुंचती है और इससे उनमें आवश्यक छाया भी बनी रहती है। इसके साथ ही पौधों को गर्मी में भी पनपने के लिए सही वातावरण मिलता है और भीषण गर्मी में भी ये पौधे खूब फलने-फूलने लगते हैं।

#### पांच डिग्री तक पड़ता है फर्क

दुकानदार शेखर वर्मा का कहना है कि ग्रीन नेट का एक बड़ा फायदा ये है कि इसे लगाने से जितने स्थान तक उसकी छाया पहुंचती है, वहां का तापमान कम से कम पांच डिग्री तक कम हो जाता है, जो इस भीषण गर्मी में राहत देता है। साफ है कि यह पौधों के लिए संजीवनी साबित होती है, क्योंकि यह पानी के रूप में पड़ी नमी को भी सोखने नहीं देता है और इस नमी को पानी के रूप में पौधे लेते हैं तथा तेज गति से विकसित होते हैं। जिन घरों में गार्डन या ज्यादा पौधे नहीं हैं, फिर भी वे ग्रीन नेट का सहारा लेते हैं। खासतौर से ऐसे घर, जहां पर दिनभर सीधे धूप पड़ती है, उनके घर के अंदर का तापमान बढ़ जाता है। ऐसे स्थिति में ग्रीन नेट लगाने पर तापमान में कमी आ जाती है और रहवासियों को राहत मिलती है।

## सिटी लाइव

# सिंधियत जो मेलो में जुटेगा समाज, दो दिन मचेगी धूम



रायपुर। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा चेट्रीचंड्र के अवसर पर वरुणावतार भगवान झूलेलाल साईं के जन्मोत्सव की धूम मचने वाली है। 14 और 15 मार्च को दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सिंधियत जो मेलो का आयोजन किया जाएगा। सेरीखेड़ी स्थित एक होटल में होने वाले आयोजन के संदर्भ में गुरुवार को मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, प्रवक्ता सुभाष बजाज और महासचिव बलराम आहूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन में सिंधी समाज के चर्चित कलाकार जतिन उदासी, मोहित लालवानी पहले दिन आकर्षण का केंद्र होंगे। वहीं दूसरे दिन सांस्कृतिक मंच सागर लालवानी और वंदना निरंकारी भक्तिमय गीतों से समाज को मंत्रमुग्ध करेंगी। वहीं मंच संचालन इंदौर की सोनम पोपटानी करेंगी।

### युवा पीढ़ी को धर्म संस्कृति और भाषा से जोड़ने की पहल

श्री बजाज ने बताया कि भगवान झूलेलाल पर आधारित लेजर शो समाज के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। युवा पीढ़ी को धर्म, संस्कृति, भाषा और इतिहास का बोध कराने के लिए संतों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही सिंधी संस्कृति के सभी तीज-त्योहारों की कथा एवं रीतियों का लेखन किया जाएगा। इस दो दिवसीय आयोजन में प्रदेश के सभी पंचायतों के साथ सेवाभावी संस्थाओं के अध्यक्षों का सम्मान किया जाएगा। इस श्रृंखला में सिंधी समाज के प्रतिनिधियों का भी सम्मान होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में संघर्ष करते हुए मुकाम हासिल करने वाली समाज की विभूतियों को सिंधु टाइकॉन अवार्ड दिया जाएगा। इसमें संत, ब्राह्मण समाज आशीर्वाद देने मंचस्थ रहेंगे।

## धर्म लाइव

# सरोकार बढ़ाने के साथ देवांगन समाज को संगठित करने चर्चा



रायपुर। सामाजिक सरोकार बढ़ाने के साथ अब देवांगन समाज को भी पूरी तरह से संगठित होकर काम करने की जरूरत है, क्योंकि सामाजिक एकता के माध्यम से बड़े से बड़े कार्यों को आसानी से किया जा सकता है। इसलिए समाज का एकजुट होना जरूरी है। साथ ही समाज को संगठित होना भी आवश्यक है। यह बात देवांगन कल्याण समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने बिरगांव में समाज के लोगों से चर्चा में कही। धर्म प्रचार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन ने समाज के प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ से समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों संग स्वागत किया। इस दौरान पदाधिकारी और सदस्यों के बीच सरोकार से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

### इसलिए समाज को एकजुट रखना हमारी जवाबदारी

धर्म प्रचार प्रकोष्ठ देवांगन कल्याण समाज के प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन ने बताया कि समाज के प्रदेश अध्यक्ष का बिरगांव आगमन होने पर वैचारिक मंथन किया गया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से उनकी मुलाकात के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने सामाजिक सरोकार बढ़ाने और इसमें युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज संगठित रहेगा तो किसी भी काम को आसानी से किया जा सकता है। इसलिए समाज को एकजुट रखना हमारी जवाबदारी है। समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष से सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए आगामी दिन में बिरगांव में बड़े आयोजन करने के लिए विचार रखा।

## समाज इवेंट

# हाईटेक अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारी




रायपुर। अग्रवाल समाज ने हाईटेक युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारी शुरू की है। इसके लिए छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे शहरों और राज्यों का दौरा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पहली बार बड़े स्तर पर अग्रवाल समाज द्वारा ऑफलाइन और ऑनलाइन युवक- युवती परिचय सम्मेलन किया जाएगा। इस संबंध में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल और महामंत्री मनमोहन अग्रवाल ने बताया, समाज की बैठक में निर्णय लिया गया है कि समाज के युवक और युवतियों को जानने-पहचानने के लिए एक मंच मिले। इससे एक-दूसरे को पहचान कर परिवार द्वारा विवाह तय किया जा सके। इसलिए समाज के पदाधिकारियो द्वारा छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलो और ब्लॉक में जाकर समाज के सदस्यों और पदाधिकारियों से बैठक की जा रही है। अब तक छत्तीसगढ़ के लगभग 20 से ज्यादा जिलों में बैठक की गई है। साथ ही ओडिशा, कालाहांडी क्षेत्र का दौरा करते हुए समाज के पदाधिकारियों से चर्चा की गई है।

### अग्र मंथन और अग्र धरोहर पर रहेगा फोकस

आगे बताया कि जो विवाहयोग्य युवक और युवतियों का बायोडाटा ले रहे हैं। उसका बुकलेट छपवाने के साथ ही अग्र मंथन 2026 और अग्र धरोहर का आयोजन भी तय किया है। समाज के ऐसे बहुत से महानुभाव हैं, जो सर्व समाज के हित में अलग-अलग काम करते हुए समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे महानुभावों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी सभी को हो सके, इसके लिए प्रयास किया जाएगा। आगामी 4 अप्रैल को आयोजित होने वाले परिचय सम्मेलन में समाज के जो युवक और युवती विदेश में रहते हैं, उनके लिए ऑनलाइन डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से परिचय सम्मेलन की व्यवस्था की जाएगी, ताकि युवक-युवती के माता-पिता भी ऑनलाइन चर्चा कर सकें।

## ● चेट्रीचंड्र महोत्सव की तैयारी में जुटा सिंधी समाज, बैठकों में तय की गई जिम्मेदारी

# सिंधी समाज ने वर्सी महोत्सव में किया धर्मग्रंथों का पाठ, संतों के सानिध्य में आस्था से जुड़े समाजजन

*शहर में इन दिनों सिंधी समाज जहां एक तरफ भगवान झूलेलाल उत्सव को महोत्सव का रूप देने के लिए तैयारी में जुटा है। वहीं दूसरी तरफ शदाणी दरबार और गोदड़ीवाला धाम में संतों के वर्सी महोत्सव और जन्मोत्सव की श्रृंखला सजा रहा है। इन आयोजनों का सफल संचालन संतों के सानिध्य में किया जा रहा है। इसमें हर वर्ग के लोग धर्मग्रंथों का पाठ करते हुए धार्मिक नियमों का भी पालन करने के लिए सपरिवार आयोजनों का हिस्सा बन रहे हैं। इसके चलते गुरुवार की देर-रात तक भक्तिमय माहौल रहा।*





रायपुर। देवपुरी स्थित शदाणी दरबार तीर्थ में शिव अवतारी संत राजाराम साहेब के 66वें वर्सी महोत्सव की श्रृंखला में आशादीवार, आरती, अरदास के साथ संतों और महात्माओं ने प्रवचन के माध्यम से समाज को धर्मग्रंथों से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही संत राजाराम साहब अंग्रेजी माध्यम स्कूल में संत राजाराम साहेब के श्रीविग्रह का अनावरण नवम पीठाधीश्वर संत युधिष्ठिर लाल के सानिध्य में किया गया। उन्होंने इस वर्ष को सेवा वर्ष के रूप में मनाने का आव्हान किया। साथ ही अखिल भारतीय शदाणी सेवा मंडल की बैठक में अधिक से अधिक सेवा कार्य, क्वांटिटी और क्वालिटी के साथ करने पर जोर दिया। वर्षभर उन्हें कैसे उत्साह से किया जाए, इसको लेकर मंथन किया। इसमें पौधारोपण एवं परिचय सम्मेलन को आकर्षक रूप में करने का भी निर्णय लिया गया।

### आध्यात्मिक उत्थान के लिए किया आयोजन

महाआरती के बाद भागवत विदूषी कीर्ति किशोरी, अभिषेक चैतन्य एवं स्वामी मोहन दास, महामंडलेश्वर स्वामी गोविंदानंद, सांई मोहन लाल, साजन दास, सांई राजेश लाल आदि ने ज्ञान की गंगा से श्रद्धालुओं के मन को पवित्र कर भगवत मार्ग से जुड़ने का संदेश दिया। प्रकांड विद्वान, करुणा के सागर, विनम्रता की मूर्ति संत राजाराम साहेब के जन्म के समय दिव्य घटनाएं घटी, उनकी माताजी को स्वप्न में शिव दर्शन हुआ तथा जन्म के बाद ज्योतिषी द्वारा उनके चरणों में पदम के दर्शन हुए। ऐसे संत के वर्सी महोत्सव में तीसरे दिन विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला सजाई गई।

### चंड्र जी रात, आकर्षण का केंद्र होंगे रॉक स्टार्स

चेट्रीचंड्र महोत्सव की कड़ी में छग सिंधी सेवा महापंचायत के भव्य धार्मिक आयोजन का हिस्सा समाज बनने वाला है। प्रवक्ता दिनेश अठवानी एवं पवन प्रीतवानी ने बताया कि पूर्व में भी चंड्र जी रात का आयोजन किया गया था। 15 मार्च को बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर में यह आयोजन 17वें साल भी किया जाएगा। संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी और अध्यक्ष अमर गिदवानी ने बताया कि संतों के सानिध्य में होने वाले आयोजन में साईं युधिष्ठिर लाल, संत लालदास चकरभाटा, गोदड़ीधाम से अम्मा मीरा देवी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सपत्नीक, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू प्रमुख रूप से शामिल होंगे। वहीं दिल्ली से न्यूज चैनल के मैनेजिंग एडिटर किशोर अजवाणी के अलावा विश्व सिंधी सेवा परिषद के चेयरमैन लायन राजू मनवानी शामिल होंगे। इनके बीच रॉकस्टार नील तलरेजा मुंबई, स्वर कोकिला मंजूश्री आसुदानी, बेबी फ्रांसी, बेबी कशिश मनोरंजन करने आ रही हैं।

### मेले में सजेंगे सिंधी लजीज व्यंजनों के स्टाल्स

उन्होंने बताया कि बीटीआई ग्राउंड में आनंद मेले का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें सिंधी व्यंजनों की भरमार रहेगी। लजीज व्यंजनों में कढ़ी चावल, बेकरी आइटम, सिंधी पकौड़ा, पापड़, खीचा, सेव की मिठाई, दाल पकवान, ढेंस की सब्जी, पकौड़ा, फालूदा, शर्बत और माजून की मिठाई के स्टाल्स सजेंगे। सांस्कृतिक मंच पर चर्चित कलाकारों को नजदीक से देखने और सुनने का अवसर मिलेगा। इस बार भी 15 से 20 हजार लोगों के लिए बैठक व्यवस्था की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए अमर गिदवानी, महामंत्री जीतू बडवानी, राधाकिशन सुंदरानी, दिनेश सुंदरानी ने जिम्मेदारी तय की है। किशोर आहूजा, राजेश वासवानी, इंदर डोडवानी, राजू तारवानी, रवि ग्वालानी को भी दायित्व दिया गया है।

### धूमधाम से मनाया बाबा गेलाराम साहेब का जन्मोत्सव

देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में गुरुवार को संत बाबा हरदासराम साहेब के आशीर्वाद और महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में संत बाबा गेलाराम साहेब का 96वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कड़ी में सुबह 7 से 8 बजे तक बाबाजी की देवरी साहेब में पंचामृत स्नान करने बाबा के भक्तो का तांता लगा रहा। इसके बाद 8.30 से 9.30 तक भव्य श्रृंगार आरती के बाद लोग सत्संग, मदाह साहाब, श्रीराम धुनी, पल्लव साहेब के आयोजन में शामिल हुए। दरबार के सेवादार इंदर सचदेव, हरि ईसरानी,अमर गिदवानी, सतीश थौरानी,पवन प्रीतवानी ने बताया कि अम्मा मीरा देवी द्वारा केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में अनिल तुलयानी, सुशील केशवानी, दिनेश दावानी, घनश्याम माखीजा,महेश हरजानी ने भी सहभागिता निभाई।



# गाठी पहनकर महिलाओं ने ताजा की बचपन की यादें, मनोरंजक गेम खेलकर बिताया समय



रायपुर। रंगों का त्योहार होली और गाठी (शक्कर माला) से हर किसी के बचपन की याद जुड़ी होती है। ऐसे में अपने बचपन की याद ताजा करने के हर एक पल को जीने वाली महाराष्ट्र मंडल डगनिया केंद्र की महिलाओं ने उत्साह के साथ एक- दूसरे को गाठी की माला पहनाई। इसी बहाने सभी ने अपने बचपन के दिनों को याद किया। वहीं रंगबिरंगी टोपियों ने उनके उत्साह को दोगुना किया। सखी निवास प्रभारी नमिता शेष ने बताया कि डंगनिया केंद्र की महिलाओं ने मासिक बैठक होली थीम पर रखी। इसमें महाराष्ट्र मंडल ने महिला दिवस पर केंद्र के सदस्यों की उपस्थिति और कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की।

**महिलाओं ने उत्साह के साथ एक- दूसरे को गाठी की माला पहनाई**

इस बीच बहुत से मनोरंजक गेम खेलकर होली मिलन भी मनाया गया। नमिता शेष ने बताया कि निर्धारित एक मिनट में जिसने सबसे ज्यादा लोगों को गाठी पहनाई, उसे विजेता घोषित किया गया। इस खेल में विजेता सोनल फड़नवीस और उप विजेता अर्चना टेंबे रहीं।

### आदि परब 'परंपरा से पहचान तक' का भव्य आयोजन आज

रायपुर, नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 13 और 14 मार्च को आदि परब 'परम्परा से पहचान तक' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आदिम जाति विभाग द्वारा किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जनजातीय समाज की रचनात्मकता, जीवन-दर्शन और सांस्कृतिक विरासत को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा जनजातीय कला, संस्कृति एवं परम्पराओं को समर्पित आदि परब 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में आदि रंग से जनजातीय चित्रकारों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी, आदि परिधान में जनजातीय वेशभूषा पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां आदि आख्यान का आयोजन किया जाएगा।

# किडनी की समस्या का समय पर पता चले तो बचाव संभव



रायपुर। विश्व किडनी दिवस पर पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय (मेकाहारा) में किडनी की समस्या को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष आयोजन किया गया। इसमें पीड़ित मरीजों और उनके परिजनों को किडनी के स्वास्थ्य, रोगों की समय पर पहचान, उपचार और बचाव के उपायों की जानकारी दी। बताया गया कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अनियमित जीवनशैली तथा दर्दनिवारक दवाओं का अत्यधिक उपयोग किडनी की समस्या के प्रमुख कारण होते हैं। इसलिए नियमित जांच, संतुलित आहार, पर्याप्त पानी का सेवन, नमक का सीमित उपयोग और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर किडनी की समस्या का बचाव करना संभव है। इस अवसर पर मेडिसिन एवं नेफ्रोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. पुनीत गुप्ता, एचओडी मेडिसिन प्रो. डॉ. डीपी लकड़ा, प्रो. डॉ. योगेंद्र मल्होत्रा, प्रोफेसर डॉ. मनीषा खांडे एवं प्रोफेसर डॉ. प्राची दुबे द्वारा मरीजों एवं उनके परिजनों को जानकारी दी गई।

### वर्तमान में दो बच्चों का डायलिसिस से उपचार जारी

उन्होंने बताया कि अब यहां गुर्दा रोग विशेषज्ञों द्वारा बड़ों के साथ-साथ बच्चों में भी किडनी रोगों का उपचार प्रारंभ किया गया है। बच्चों के लिए डायलिसिस की सुविधा भी शुरू की जा चुकी है। बच्चों में क्रॉनिक किडनी डिजीज, ग्लोमेरुलर रोग एवं एक्यूट किडनी इंजरी जैसी बीमारियों का सफल इलाज किया जा रहा है। वर्तमान में दो बच्चों का डायलिसिस द्वारा उपचार जारी है, जिनमें से एक कांकेर और दूसरा धरसींवा निवासी हैं। सरकार से मान्यता प्राप्त होते ही मेकाहारा में वयस्कों एवं बच्चों के किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा भी शीघ्र शुरू करने की योजना है।

## राजधानी में अलग-अलग महिलाओं की संस्थाओं ने किया आयोजन

# गीत-संगीत से महिलाओं ने सजाई महफिल, नारी शक्ति का किया सम्मान, बिखरी सांस्कृतिक छटा

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। सर्वमंगल फाउंडेशन ने गुरुवार को स्थापना दिवस के अवसर पर वृंदावन हॉल में होली मिलन और सांस्कृतिक संध्या की श्रृंखला में गीत-संगीत की महफिल सजाई। कवि सम्मेलन एवं महिला दिवस को सेलिब्रेट करते हुए सम्मान समारोह का भी आयोजन किया। इसमें हास्य-व्यंग्य से भरपूर कवि सम्मेलन, दिव्यांग बच्चों के नृत्य-संगीत, फागुन गीतों की प्रस्तुति के साथ शहर की विभिन्न संस्थाओं से जुड़ी नारी शक्तियों का सम्मान भी किया। अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे ने किया। इस अवसर पर शिव नारायण मूंदड़ा, साहित्यकार गिरीश पंकज, गीता वर्मा, शशि दुबे मंचस्थ रही। इस कड़ी में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। वहीं सांस्कृतिक कड़ी में राधा-कृष्ण की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।



### सामूहिक नृत्य ने सभी को किया भावविभोर

दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य ने सभी को भावविभोर किया। फागुन गीतों और हास्य-व्यंग्य से भरपूर कविताओं ने होली के रंगों के साथ अवसर को भी खास बना दिया। इस आयोजन का मंच संचालन संजय कुमार शर्मा ने प्रभावशाली अंदाज में किया। कार्यक्रम के अंत में सर्व मंगल फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष अनीता दुबे ने सभी अतिथियों, कलाकारों और श्रोताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजन संस्था की सदस्यों ने अपनी सहभागिता निभाते हुए सहयोग दिया।

### समाज में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही

आर्ना फाउंडेशन द्वारा एक गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवा को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई टीम को जिम्मेदारियां सौंपते हुए कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां दी गईं। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया।



कार्यक्रम में डीआईजी मिलना कुर्रे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। नम्रता गोगलानी विशिष्ट अतिथि, नम्रता तिवारी के साथ आकांक्षा तिवारी, अभिषेक मिश्रा ,पल्लवी मिश्रा, मेहर सुंदरानी, कनिष्का अत्री उपस्थित थी। आर्ना फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए मिलना ने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। ऐसी संस्थाएं आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान कर रही हैं। संस्था की संस्थापक रुना शर्मा ने सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत करते हुए संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### ऑन-स्क्रीन जोड़ी से ऑफ-स्क्रीन रोमांटिक कपल तक का सफर तय किया टॉम और जेंडाया ने

टॉम हॉलैंड और जेंडाया ने भले ही प्यार की शुरआत स्क्रीन से की हो, लेकिन अब दोनों रियल लाइफ में भी एक-दूसरे से प्यार करते हैं। एक समय ऐसा था, जब दोनों अपने रिश्ते को बस अफवाहें बताते थे। लेकिन अब दोनों ने अपने रिश्ते को पब्लिक कर दिया है और अक्सर कार्यक्रमों में साथ नजर आते हैं।




दोनों की मुलाकात फिल्म स्पाइडर मैनः होमकमिंग की शूटिंग के दौरान हुई। टॉम स्पाइडर-मैन बने और जेंडाया ने मिशेल 'एमजे' का किरदार निभाया। सेट पर दोनों की खूब बनती थी, मजाक, हंसी और साथ में प्रमोशन। उसी साल से डेटिंग की अफवाहें उड़ने लगीं, लेकिन दोनों ने साफ कहा कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं।

फिल्म के रिलीज के बाद दोनों कई इंटरव्यू और इवेंट्स में साथ दिखे। फैंस को उनकी केमिस्ट्री बहुत पसंद आई। हालांकि बीच-बीच में यह खबरें भी आईं कि दोनों अलग-अलग लोगों को डेट कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी दोस्ती को खुलकर स्वीकार किया, लेकिन रिश्ते पर चुप्पी बनाए रखी।

टॉम हॉलैंड और जेंडाया अक्सर पार्टियों में और कार्यक्रमों में नजर आते थे। दोनों कई बार पब्लिक में स्पॉट किए गए। फैंस ने कई बार उन्हें कपल का नाम दिया, लेकन दोनों ने इस बात से इंकार किया।

जुलाई 2021 में लॉस एंजेलिस में टॉम और जेंडाया की कार में एक-दूसरे को किस करते हुए तस्वीरें सामने आईं। इसके बाद साफ हो गया कि दोनों सिर्फ दोस्त नहीं, बल्कि रिलेशनशिप में हैं। उसी साल फिल्म स्पाइडर मैनः नो वे होम रिलीज हुई और प्रमोशन के दौरान उनकी नजदीकियां साफ दिखीं।

## टॉलीवुड

### यश की 'टॉक्सिक' टली 3 महीने के लिए बॉक्स ऑफिस पर होगा 'धुरंधर 2' का राज

बॉलीवुड और खासकर रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आ गई है। साउथ की मेगा बजट फिल्म यश की 'टॉक्सिक' की रिलीज डेट टल गई है। फिल्म की रिलीज से ठीक 15 दिन पहले मेकर्स ने ये खबर शेयर की है और इसके पीछे की वजह भी बताई गई है।



कन्नड़ स्टार यश की चार साल बाद बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही 'टॉक्सिक : ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' को लेकर फैन्स में जबरदस्त जोश था। 19 मार्च को रिलीज होने वाली ये फिल्म अब जून तक के लिए टालने की खबर है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि ये फिल्म 'धुरंधर 2' की वजह से टाली गई है बल्कि इसके पीछे एक बहुत बड़ी वजह है। मेकर्स ने बताया है कि इस फिल्म को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले और इस वजह से मिडल ईस्ट में जारी संघर्ष के कारण इतना बड़ा फैसला लिया गया गया है। एक्टर-प्रड्यूसर ने बुधवार, 4 मार्च को फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं का एक बयान शेयर किया, जिसमें फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा की गई है। जारी किए गए इस बयान में कहा गया है, 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स एक ऐसी फिल्म है जिसे हमने ग्लोबल ऑडियंस के लिए सिनेमा बनाने की हिसाब से बनाया है। कन्नड़ और अंग्रेजी में फिल्माई गई यह फिल्म देश और दुनिया भर के दर्शकों से जुड़ने के दृढ़ विश्वास के साथ बनाई गई है। बरसों के जीतोड़ मेहनत के बाद, हम 19 मार्च को अपनी फिल्म आप सभी के साथ शेयर करने के लिए उत्साहित थे। हालांकि, इस वक्त अनिश्चितता, विशेष रूप से मिडल ईस्ट के हालात ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है जो ग्लोबल ऑडियंस तक पहुंचने और उनसे जुड़ने के हमारे लक्ष्य को प्रभावित करती है।'

इसी नोट में आगे कहा गया है कि फिल्ममेकर्स ने फिल्म की रिलीज जून तक टालने का फैसला किया है।

## भोजपुरी

### अक्षरा को सताई अपने ब्याह की चिंता, पवन को जमकर कोसा

भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने एक बार फिर पवन सिंह के बारे में बात की है। उन्होंने बताया कि वो अपनी जिंदगी में 10 लड़कियों के साथ सरेआम घूमते हैं लेकिन उनसे कोई सवाल नहीं करता। वो भी जिंदगी में आगे बढ़ना चाहती हैं, वो पास्ट की बातें अब नहीं चाहतीं।



भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह का सुपरस्टार पवन सिंह के साथ उतार-चढ़ाव भरा रिश्ता रहा था। वो अक्सर अपने जीवन और करियर पर उस दौर के प्रभाव के बारे में खुलकर बात करती रही हैं। उन्होंने पवन सिंह पर अपने झगड़े के दौरान धमकियां देने का भी आरोप लगाया है। अब, हाल ही में एक बातचीत में, अक्षरा ने स्पष्ट कर दिया है कि वह आगे बढ़ना चाहती हैं और अब उनका नाम पवन सिंह से नहीं जोड़ना चाहतीं। अक्षरा सिंह का कहना है कि पवन सिंह अलग-अलग लड़कियों के साथ घूमते हैं। सिद्धार्थ कन्नन के पॉडकास्ट पर, अक्षरा ने अपने पूर्व रिश्ते के कारण लगातार हो रही जांच-पड़ताल के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'काफी समय हो गया है। मैं भी जीवन में आगे बढ़ना चाहती हूं। वह दस अलग-अलग लड़कियों के साथ घूम रहे हैं और कोई उनसे सवाल नहीं करता, लेकिन हर कोई मुझसे सवाल करता है। अगर मेरा नाम उनसे जुड़ता रहेगा और मुझसे उनके बारे में पूछा जाता रहेगा, और अगर उनके बारे में मेरे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहेंगे, तो मुझसे कौन शादी करेगा? हर कोई जानता है कि उनका चरित्र कैसा है, फिर भी कोई उनसे सवाल नहीं करता। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके मन में अब भी उनके लिए कोई खास जगह है, तो उन्होंने सवाल को टाल दिया।

# फ्लोरल का जलवा




2026 में फ्लोरल प्रिंट एक खास फैशन ट्रेंड हैं और पहले से कहीं ज़्यादा मॉडर्न और वर्सेटाइल दिखते हैं। गर्मियों के एकदम रोमांटिक वाइब्स के बजाय, फ्लोरल पैटर्न वाले कपड़े अब कॉन्फिडेंस, इंडिविजुअलिटी और क्रिएटिव स्टाइलिंग दिखाते हैं। रोज़ाना पहनने के लिए हल्के फ्लोरल डिज़ाइन से लेकर खास मौकों के लिए बोल्ड स्टेटमेंट प्रिंट तक, यह ट्रेंड हर वॉर्डरोब के लिए सही है।

# ऑयली स्किन के लिए घर पर ही बनाएं फेस मिस्ट

अगर आपकी स्किन ऑयली है तो रिफ्रेशिंग फेस मिस्ट का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा आइडिया है। हालांकि, इसे बाजार से खरीदने की जगह आप खुद घर पर ही बना सकती हैं।



### गुलाब जल और विच हेज़ल से बनाएं मिस्ट

यह पोर्स को टाइटन करता है और स्किन को हाइड्रेट करता है। गुलाब जल आपकी स्किन को कूलिंग इफेक्ट भी देता है। इसके लिए आधा कप गुलाब जल,2 बड़े चम्मच विच हेज़ल, 3-4 बूंदे टी ट्री एसेंशियल ऑयल और स्प्रे बोतल को मिक्स करें ।अब इसे एक स्प्रे बोतल में डालकर मिक्स करें और फ्रिज में स्टोर करें। क्लींजिंग के बाद या स्किन को रिफ्रेशिंग फील देने के लिए चेहरे पर स्प्रे करें।

### एलोवेरा और ग्रीन टी से बनाएं फेस मिस्ट

एलोवेरा जेल और ग्रीन टी की मदद से भी फेस मिस्ट बनाया जा सकता है। जहां एलोवेरा जेल स्किन को चिपचिपा बनाए बिना हाइड्रेट करता है, वहीं ग्रीन टी अतिरिक्त ऑयल कंट्रोल करता है। इसके लिए आधा कप उबली हुई ग्रीन टी, 2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल और विच हेज़ल की 3-4 बूंदे चाहिए। सबसे पहले ग्रीन टी बनाएं और उसे ठंडा करें। अब इसमें एलोवेरा जेल और विच हेजल को मिक्स करें। अब इसे एक स्प्रे बोतल में डालें और इस्तेमाल करें।

### ऑरेंज पील और रोज़ वॉटर फेस मिस्ट

ऑरेंज पील में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो आपकी स्किन को अधिक ब्राइटन करता है। साथ ही साथ, रोज़ वॉटर पोर्स को टोन और टाइटन करता है। इसके लिए एक बड़ा चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर आधा कप गुलाब जल आधा कप डिस्टिल्ड वॉटर, 2-3 बूंदें, लेमन एसेंशियल ऑयल को मिक्स करें। अब आप फ्रेश व ब्राइट लुक के लिए इसे सुबह स्प्रे करें या फिर सनस्क्रीन लगाने से पहले इस्तेमाल करें।

# तपिश भरी गर्मी से पहले शॉर्ट कॉटन ड्रेसेस से अपडेट कर लें अपना वार्डरोब



गर्मियां शुरू होने से पहले यदि आप भी अपने वार्डरोब में अपडेट करना चाहती हैं तो आज हम आपको कुछ शार्ट कॉटन ड्रेसेस का कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं। जिनसे आप भी आइडिया लेकर अपना लुक स्टाइलिश बना सकती हैं।



मार्च का महीना शुरू होते ही हल्की गर्मियों ने भी दस्तक दे दी है। ऐसे में अब अधिकतर लोगों ने अपने वार्डरोब भी गर्मी के हिसाब से अपडेट करना शुरू कर लिया होगा। अब सर्दियों के भारी-भरकम कपड़ों की जगह वार्डरोब में लाइट वेट कम्फर्टेबल कपड़े नजर अलमारी में दिखने लगेंगे। गर्मी के मौसम में अधिकतर लोग कॉटन के कपड़े ज्यादा पहनना पसंद करते हैं। इस फैब्रिक के अटायर स्टाइलिश और कूल दिखने के साथ काफी आरामदायक भी होते हैं।



ऐसे में यदि आप भी गर्मियों के लिए ड्रेसेस की तलाश कर रही हैं तो आज हम आपको कुछ शार्ट कॉटन ड्रेसेस का कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं। जिनसे आप इंस्पिरेशन लेकर अपना लुक स्टाइलिश बना सकती हैं। इन ड्रेसेस को आप ऑफिस से लेकर दोस्तों के साथ घूमने और वेकेशन पर भी पहन सकती हैं। आइए देखें कुछ लेटेस्ट डिजाइन।

### व्हाइट चिकनकारी ऑफ शोल्डर ड्रेस

आप अगर अपने वार्डरोब में समर रेडी लुक रखना चाहती हैं तो उसके लिए टीना दत्ता की व्हाइट चिकनकारी वर्क शार्ट ड्रेस बेस्ट ऑप्शन है। एक्ट्रेस की इस ड्रेस का लुक ऑफ शोल्डर है। ऐसे में उनका लुक और भी ज्यादा स्टाइलिश लग रहा है। इस ड्रेस के संग आप व्हाइट कलर के बिग हूप्स इयररिंग्स कैरी करें। साथ में हेयर स्टाइल में मेसी बन बनाएं और मेकअप को ग्लॉसी टच दें। इस ड्रेस के संग व्हाइट कलर की मैचिंग हील्स बेस्ट रहेंगी। ऐसी ड्रेसेस डे पार्टी में आपको बेहद ग्लैमरस लुक देंगी।

### लूज फिटिंग हार्ट प्रिंट ड्रेस

हर कोई गर्मियों के मौसम में ऐसे कपड़े पहनना पसंद करता है जो कि कम्फर्टेबल होने के साथ स्मार्ट भी नजर आएं।

# घर का नुस्खा आपकी पतली चोटी को कर सकता है मोटा

लंबे बाल हम सभी को पसंद होते हैं। लेकिन आजकल के बदलते लाइफस्टाइल की वजह से बालों का ध्यान हम नहीं रख पाते हैं। ऐसे में हमारे बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में हम महंगे ट्रीटमेंट लेते हैं। लेकिन इसके बाद भी बाल सही नहीं होते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप कुछ ऐसे तरीके को ट्राई करें, जिससे आपके बाल मोटे हो जाएं। इसके लिए आप आर्टिकल में बताए गए नुस्खे को ट्राई कर सकती हैं। ये घरेलू तरीका है। जिसे ट्राई करके आपके बाल अच्छे नजर आएंगे।



हेयर स्प्रे बनाने के लिए चावल- 2 चम्मच,चाय पत्ती- 1 चम्मच,लौंग - 5 से 6 और पानी- आधा कप चाहिए। इसके लिए आपको एक कटोरी लेनी है। अब इसमें चावल लेने हैं। फिर इसमें आपको चाय पत्ती डालनी है। इसके बाद इसमें लौंग डालें और पानी डालकर इसे अच्छे से भिगोकर 2 दिन के लिए रखें। जब ये सारी चीजें अच्छे से भीग जाएं तो इसे छलनी से छान लें। अब इसे स्प्रे बोतल में डालकर स्टोर करें।

### इस तरह करें स्प्रे का इस्तेमाल

आपको इसके लिए बालों को अच्छे से ब्रश करना है। इसके बाद इसे अपने बालों में स्प्रे करना है। इसे आपको बालों के स्कैल्प में अच्छे से स्प्रे करना है। इसके बाद बालों में मसाज करनी है। इसे 15 मिनट लगा रहने दें। इसके बाद बालों को शैंपू से साफ करें। इसे लगाने से आपके बाल मोटे हो जाएंगे। इस तरह के हेयर स्प्रे को आप बालों में रोजाना भी ट्राई कर सकती हैं। इससे आपके बाल हेल्दी रहेंगे। साथ ही, आपको ज्यादा चीजों को इस्तेमाल करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। आसानी से आप इसे ट्राई कर सकती हैं। साथ ही, चाहें तो स्टोर करके भी रख सकते हैं। इसके बाद आपको बाजार के प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। लेकिन अगर आपको बालों से जुड़ी कोई प्रॉब्लम है, तो आप एक्सपर्ट की सलाह ले सकते हैं।

# पिगमेंटिड लिप्स को संवारें नेचुरल स्क्रब से

होंठों का कालापन किसी को अच्छा नहीं लगता। धूप से लेकर डिहाइड्रेशन तक, कई वजहों से होंठ काले या पिगमेंटेड हो जाते हैं। ऐसे में अक्सर इसे छिपाने के लिए हम लिपस्टिक का इस्तेमाल करते हैं या फिर महंगे लिप ट्रीटमेंट लेते हैं। जबकि आपको वास्तव में ऐसा करने की ज़रूरत नहीं है। पिग्मेंटिड लिप्स से निजात पाने के लिए आप खुद घर पर ही लिप स्क्रब बना सकती हैं।

हल्दी और दूध का स्क्रब बनाने आधा चम्मच हल्दी पाउडर, आधा चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चीनी चाहिए। सबसे पहले एक बाउल में हल्दी पाउडर, कच्चा दूध और चीनी डालकर मिक्स करें। अब इस पेस्ट को अपने होठों पर लगाएं और धीरे से स्क्रब करें। इसे 3-4 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पोंछ लें। इसके बाद लिप बाम लगाएं। आप हफ़्ते में दो बार इस लिप स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### चुकंदर और चीनी स्क्रब

यह एक ऐसा स्क्रब है, जो आपको नेचुरली पिंक लिप्स देने में मदद करता है। चुकंदर होंठों को नेचुरली गुलाबी रंग देता है और पिगमेंटेशन को हटाता है। इसके लिए आधा चम्मच कद्दूकस किया हुआ चुकंदर, आधा चम्मच चीनी और आधा चम्मच नारियल का तेल चाहिए। लिप स्क्रब बनाने के लिए आप सभी सामग्री को मिक्स करें। अब इस स्क्रब को अपने होंठों पर 2-3 मिनट तक रगड़ें। इसे थोड़ी देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें, ताकि चुकंदर का रस आपके होंठों पर प्राकृतिक रूप से लग जाए। आप हफ़्ते में 3-4 बार इसका इस्तेमाल करें।



### एलोवेरा और ब्राउन शुगर लिप स्क्रब

यह एक सूदिंग स्क्रब है, जो आपके लिप्स को आरामदायक महसूस करवाता है। एलोवेरा स्किन को ठीक करने और पिगमेंटेशन को कम करने में मददगार है। वहीं, ब्राउन शुगर लिप्स को एक्सफोलिएट करती है। इसके लिए आधा चम्मच ताज़ा एलोवेरा जेल और चम्मच ब्राउन शुगर विटामिन ई तेल की कुछ बूंदे चाहिए।

कार्नर न्यूज

जरूरत है फैशन स्टाइलिंग में सावधानी बरतने की

# फैशन स्टाइलिंग में होने वाली चूक की वजह से उम्र से काफी बड़ी दिख सकती हैं आप, रखें जरा ध्यान

अक्सर अपने लुक को स्टनिंग दिखाने के लिए हम खुद को तरह-तरह से स्टाइल करते हैं, लेकिन फैशन स्टाइलिंग के दौरान की जाने वाली कुछ छोटी-छोटी मिसटेक्स आपको बूढ़ा दिखा सकती हैं।

महिलाएं हमेशा ही खुद को बेहद ही ग्रेसफुल तरीके से कैरी करना चाहती हैं और इसलिए अक्सर अपने स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। अमूमन वे अपने लुक को स्टनिंग दिखाने के लिए अलग-अलग तरह के आउटफिट पहनती हैं। हालांकि, हर बार आपका लुक स्टनिंग ही नजर आए, यह जरूरी नहीं है। फैशन का मतलब होता है खुद को अभिव्यक्त करना, लेकिन कभी-कभी स्टाइलिंग की छोटी-छोटी गलतियां अनजाने में आपके लुक को बूढ़ा दिखा सकती हैं। हम सभी ने कभी ना कभी इसे एक्सपीरियंस किया है। गलत फिटिंग को चुनने से लेकर उन्हीं पुराने स्टाइल को अपनाकर हम अपने लुक को खराब कर सकते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि इन गलतियों से बचा जाए। आप कपड़ों के कलर कॉम्बिनेशन से लेकर फुटवियर तक हर छोटी-बड़ी बात पर फोकस करना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको फैशन स्टाइलिंग से जुड़ी कुछ ऐसी ही मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपको उम्र से अधिक बड़ा दिखा सकती हैं-



### फिटिंग पर फोकस ना करना

आप चाहे कोई भी आउटफिट पहनती हैं, उसकी फिटिंग बहुत अधिक मायने रखती है। कई बार हम बहुत ढीले या बहुत टाइट कपड़े पहनते हैं। लेकिन अच्छी तरह से फ़िट न होने वाले कपड़े चाहे जितने भी स्टाइलिश हो, लेकिन वे अच्छे नहीं लगते। जहां ढीले कपड़े आपको बेडौल दिखा सकते हैं, वहीं बहुत ज़्यादा टाइट कपड़े उन हिस्सों को हाइलाइट कर सकते हैं, जिन पर आप फोकस नहीं करना चाहते हैं। इसलिए, हमेशा अपनी बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए सही फिटिंग के कपड़ों को स्टाइल करें।

### हमेशा एक जैसे कलर्स पहनना

हम सभी को कोई ना कोई कलर पसंद होता है और ऐसे में हम अक्सर उसी रंग के कपड़ों को खरीदना पसंद करते हैं। लेकिन ऐसा करना भी आपकी एक स्टाइलिंग मिसटेक हो सकती है। इससे आपका लुक कभी भी वर्सेटाइल नजर नहीं आता है। खासतौर से, अगर आपकी फेवरिट लिस्ट में काले, नेवी और भूरे जैसे डार्क कलर्स को चुनते हैं तो ऐसे में बहुत ज़्यादा फीके शेड आपको फीका दिखा सकते हैं। इससे आपकी उम्र भी अधिक नजर आने लगती है। कोशिश करें कि आप पेस्टल, ज्वेल टोन या न्यूट्रल जैसे कुछ कलर्स को भी स्टाइल करें। वे आपको अधिक यूथफुल दिखाने में मदद करेंगे।

### गलत एक्सेसरीज़ को पहनना

जब आप खुद को स्टाइल करते हैं तो उस दौरान सिर्फ सही आउटफिट को चुनना ही काफी नहीं है, बल्कि एक्सेसरीज भी बहुत अधिक मायने रखती है। आपको शायद पता ना हो लेकिन एक्सेसरीज़ आपके आउटफिट को बना या बिगाड़ सकती हैं। अगर आप अपने आउटफिट व ओकेजन को ध्यान में रखे बिना एक्सेसरीज का चयन करते हैं तो इससे आपका लुक काफी अजीब लग सकता है। हमेशा ऐसे मॉडर्न, स्टेटमेंट पीस पहनें जो आपके आउटफिट को कॉम्प्लीमेंट करें।



जब आप आउटफिट पहन रहे हैं तो उसे बैलेंस तरीके से स्टाइल करना बेहद जरूरी होता है। अगर आप इसे नजरअंदाज करते हैं तो इससे आप उम्र से अधिक दिख सकते हैं।